www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ... | पत्र नहीं; मित्र | संपर्क : deshbandhubpl1@gmail.com

देशबन्धु

वर्ष – 35 । अंक –320 । भोपाल, गुरुवार, 21 नवंबर 2024 । पृष्ठ–8 । मूल्य – 3.00 रुपए

विधानसभा अगले मानसून सत्र तक होगी पेपरलेस पृष्ठ 2

- फेक नैरेटिव को लेकर मोदी की चिंता
- धधक रहा है मणिपुर... बुझाए कौन?

पृष्ठ 4

- धान के दाम कम मिलने पर गुस्साए किसानों ने हाइवे पर किया चक्काजाम

पृष्ठ 6

कलेक्टर ने हितग्राहियों से चर्चा कर लिया निर्माण कार्यों का जायजा पृष्ठ 7

सार-समाचार

मुर्मु आज से 2 दिवसीय तेलंगाना के दौरे पर रहेंगी

नई दिल्ली, एजेंसी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु गुरुवार से दो दिवसीय तेलंगाना का दौरा करेंगी और यहां कई कार्यक्रमों में शामिल होंगी। श्रीमती मुर्मु 21 नवम्बर को हैदराबाद में कोटि दीपोत्सवम–2024 में शामिल होंगी और 22 नवंबर को हैदराबाद में लोकमंथन–2024 में उद्घाटन भाषण देंगी। लोक मंथन देश की सांस्कृतिक विविधता का एक वार्षिक उत्सव है और इस बार यह हैदराबाद के शिल्पकला वेदिका में 21–24 नवम्बर तक आयोजित किया गया है। इसका औपचारिक उद्घाटन शुक्रवार को करेंगी।

सेना प्रमुख जनरल द्विवेदी नेपाल यात्रा पर रवाना

नई दिल्ली, एजेंसी। थल सेनाध्यक्ष जनरल उपेन्द्र द्विवेदी बुधवार को नेपाल की यात्रा पर रवाना हुए, जो भारत और नेपाल के बीच घनिष्ठ रक्षा सहयोग को और मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। मंत्रालय के बयान में कहा कि वह 20 से 24 नवंबर तक अपनी नेपाल की यात्रा के दौरान, जनरल द्विवेदी नेपाल में भारतीय राजदूत नवीन श्रीवास्तव के साथ बातचीत करेंगे और उसके बाद वह रक्षा मंत्रालय के शशि भवन में नेपाली थल सेनाध्यक्ष जनरल अशोक राज सिगडेल के साथ अनौपचारिक चर्चा करेंगे।

राफेल नडाल ने टेनिस को कहा अलविदा

मैलागा (स्पेन), एजेंसी। स्पेन के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी राफेल नडाल को अपने अखिरी मैच में डेविस कप फाइनल्स में नीदरलैंड के खिलाफ क्वार्टरफाइनल में हार का सामना करना पड़ा। इसी के साथ उन्होंने पेशेवर टेनिस को अलविदा कह दिया। 22 बार के ग्रैंड स्लैम विजेता नडाल को नीदरलैंड के बोटिक वैन डे जैंड्सचुल्प ने 6–4, 6–4 से हराया। मैच के बाद नडाल ने कहा, मैं वह व्यक्ति हूं जिसे इतने सारे लोगों का आभारी होना चाहिए। उन्होंने प्रशंसकों को उनके असाधारण समर्थन के लिए धन्यवाद दिया।

अनुच्छेद 370 को हटाने के लिए पीडीपी जिम्मेदार : नासिर

श्रीनगर, एजेंसी। जम्मू–कश्मीर में मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार नासिर वानी ने बुधवार को कहा कि यहां मौजूदा गड़बड़ी के लिए पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) जिम्मेदार है, जिसके कारण जम्मू–कश्मीर में अनुच्छेद 370 और 35 ए को निरस्त किया गया। वानी ने यह बात पुराने श्रीनगर में मीडियाकर्मियों के एक सवाल का जवाब देते हुए कही। यह सवाल पीडीपी के इस दावे के जवाब में था कि नेशनल कॉन्फ्रेंस अनुच्छेद 370 की बहाली के बारे में कोई प्रस्ताव लाने में विफल रही है।

तमिलनाडु में बारिश के चलते 5 जिलों में स्कूल बंद

तूतीकोरिन/तमिलनाडु, एजेंसी। दक्षिण तमिलनाडु और निकटवर्ती कोमोरिन क्षेत्र पर बने चक्रवाती तूफान के प्रभाव के कारण मंगलवार रात से यहां दक्षिणी और डेल्टा जिलों में भारी बारिश हो रही है। आधिकारिक सूत्रों ने बुधवार को बताया कि थूथुकुडी, तेनकासी, तिरुनेलवेली, तिरुवरुर और कराईकल जिलों (पुडुचेरी) में सभी स्कूल बंद कर दिए गए हैं, जबकि रामनाथपुरम जिले में स्कूलों और कॉलेजों में एक दिन की छुट्टी घोषित की गई है। विरुधुनगर जिला कलेक्टर ने स्थानीय स्थिति के आधार पर स्कूलों को बंद करने का फैसला करने के लिए प्रधानाध्यापकों को अधिकृत किया है। थूथुकुडी के तिरुचेंदुर में कम से कम 30 रिहायशी इलाके बारिश के पानी में डूब गए हैं और प्रभावित इलाकों से पानी निकालने के प्रयास जारी हैं। रामनाथपुरम सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल बारिश के पानी से घिरा हुआ है।

बारामूला में मादक पदार्थ सहित 3 ड्रग तस्कर गिरफ्तार

श्रीनगर, एजेंसी। जम्मू–कश्मीर पुलिस ने बारामूला जिले में तीन ड्रग तस्करों को गिरफ्तार का उनके कब्जे से प्रतिबंधित पदार्थ बरामद किए हैं। पुलिस ने बुधवार को कहा कि उरी पुलिस स्टेशन की पुलिस ने जिंगल ब्रिज पर स्थापित एक चौकी पर एक व्यक्ति को रोका, जिसकी पहचान गिंगल निवासी सैयद हसन शाह के रूप में हुई। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 6.5 किलोग्राम प्रतिबंधित नशीला पदार्थ बरामद किया गया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर पुलिस थाना भेज दिया।

कड़ी सुरक्षा के बीच हुआ मतदान

झारखंड 67, महाराष्ट्र में 58 फीसदी से अधिक वोट पड़े

- मुंबई सिटी में सबसे कम मतदान
- 23 को आएंगे नतीजे

रांची/मुंबई, (एजेंसियां)। झारखंड विधानसभा की 38 और महाराष्ट्र की 288 सीटों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच बुधवार शाम मतदान शांतिपूर्ण तरीके से समाप्त हो गया तथा इस दौरान क्रमश: 67.59 और 58.25 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने यहां बताया कि 38 विधानसभा क्षेत्र में आज सुबह 7:00 बजे से मतदान शुरू हुआ और पांच बजे शाम समाप्त हो गया और इस दौरान 67.59 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इन क्षेत्रों के 31 मतदान केंद्रों पर शाम 4:00 बजे शाम ही मतदान समाप्त हुआ था जबकि शेष मतदान केंद्रों पर पांच बजे शाम मतदान समाप्त हुआ। दूसरे चरण के चुनाव में कुल 528 उम्मीदवार की किस्मत ईवीएम में आज बंद हो गई। इसमें 472 पुरूष और 55 महिला उम्मीदवार हैं जबकि एक ट्रांसजेंडर उम्मीदवार है।

'रेड माइक' के पत्रकार सौरभ शुक्ला ने मीरपुर का एक वीडियो शेयर किया है, जहां एक पुलिस वाला अल्पसंख्यक वोटरों पर अपनी रिवॉल्वर लहरा रहा है, आरोप है कि बड़ी संख्या में इन्हें मतदान से रोका गया।

जिन प्रमुख उम्मीदवारों की किस्मत आज ईवीएम में बंद हुई उनमें मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, झारखंड मुक्ति मोर्चा की स्टार प्रचारक कल्पना सोरेन, विधानसभा अध्यक्ष रवींद्र नाथ महतो, ग्रामीण विकास मंत्री इरफान अंसारी, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, पूर्व मंत्री रणधीर सिंह, भाकपा माले के विनोद कुमार सिंह, विधानसभा में विपक्ष के नेता अमर कुमार बाउरी, पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश कुमार महतो, पूर्व मंत्री स्टीफन मरांडी, भाजपा के लोबिन हेंब्रम, भाजपा के अनंत कुमार ओझा, कांग्रेस के जेपी भाई पटेल और जेएलकेएम के जय राम महतो शामिल हैं। ▪ शेष पृष्ठ 2 पर

उत्तर प्रदेश : पहचान पत्र मांगने के आरोप में 5 पुलिसकर्मी निलंबित

लखनऊ, एजेंसी। उत्तर प्रदेश विधानसभा उपचुनाव में पुलिसकर्मियों द्वारा मतदाताओं के पहचान पत्र जांचने के आरोप के मद्देनजर पांच पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि आयोग के संज्ञान में आया था कि कुछ मतदान केंद्रों पर पुलिस वाले मतदाताओं के पहचान पत्र चेक कर रहे हैं जो सही नहीं है। इस बारे में प्रथम दृष्टया जांच के उपरांत कानपुर और मुजफ्फरनगर में दो दो और मुरादाबाद में एक पुलिसकर्मी को निलंबित कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि मतदानकर्मी सभी मतदाताओं की आईडी चेक करेंगे। इस बारे में सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश जारी किए गए है। पुलिस आईडी चेक ▪ शेष पृष्ठ 2 पर

मोहन मंत्रि परिषद ने लिए कई महत्वपूर्ण फैसले

श्रीकृष्ण से जुड़े स्थल तीर्थ के रूप में विकसित होंगे, पाथेय न्यास के गठन को मंजूरी

भोपाल, देशबन्धु। प्रदेश में भगवान श्रीकृष्ण से जुड़े स्थलों को तीर्थ के रूप में विकसित करने की दिशा में सरकार एक कदम आगे बढ़ी है। सीएम डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में बुधवार शाम मंत्रालय में हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में श्रीकृष्ण पाथेय न्यास के गठन संबंधी प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। न्यास में कुल 28 सदस्य होंगे। इसमे 23 पदेन न्यासी सदस्य और 5 ख्याति प्राप्त विद्वत सदस्य अशासकीय न्यासी सदस्य के रूप में नामांकित होंगे। मुख्यमंत्री न्यास के अध्यक्ष होंगे। अशासकीय न्यासी सदस्यों का कार्यकाल अधिकतम 3 वर्ष होगा। श्रीकृष्ण पाथेय न्यास का मुख्यालय भोपाल होगा। न्यास के लिए 6 पद सृजित किए जाएंगे।

मंत्रिपरिषद के फैसलों की जानकारी देते हुए उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला ने पत्रकारों को बताया कि भगवान श्रीकृष्ण से संबंधित क्षेत्रों का साहित्यिक व सांस्कृतिक संरक्षण और संवर्धन किया जाएगा। न्यास द्वारा भगवान श्रीकृष्ण के मंदिरों एवं संरचनाओं का प्रबंधन, सांदीपनि गुरुकुल की स्थापना के लिए परामर्श, सुझाव, श्रीकृष्ण पाथेय के स्थानों का सामाजिक, आर्थिक और पर्यटन की दृष्टि से विकास, पुस्तकालय, संग्रहालय की स्थापना आदि गतिविधियों का क्रियान्वयन किया जा सकेगा। न्यास के संचालन एवं उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए शोध–सर्वेक्षण एवं विकास कार्य के लिए आवश्यकतानुसार विशेषज्ञ समितियों का गठन किया जा सकेगा। न्यास के लिए श्रीकृष्ण पाथेय न्यास विलेख तैयार किया जाएगा। विलेख मे ▪ शेष पृष्ठ 2 पर

मुख्यमंत्री ने गुजरात इंटरनेशनल फाइनेंस टेक-सिटी का किया अवलोकन, बोले-

भारत को वैश्विक वित्तीय केंद्र बनाने की दिशा में एक कदम है गिफ्ट सिटी

भोपाल, देशबन्धु। गुजरात इंटरनेशनल फाईनेंस टेक–सिटी (गिफ्ट सिटी) निवेशकों को बेहतर अवसर प्रदान करने के साथ ही भारतीय अर्थव्यवस्था को भी मजबूती देगी। इसके माध्यम से भारत अंतर्राष्ट्रीय व्यापारिक मानकों से तालमेल रखते हुए मजबूत आर्थिक शक्ति के रूप में प्रभावी रूप से गतिविधियों का संचालन करेगा। यह बात मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कही। उन्होंने कहा कि गिफ्ट सिटी एक महत्वाकांक्षी परियोजना है, यह भारत को वैश्विक वित्तीय केंद्र बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

डॉ. यादव आज गुजरात के गांधी नगर में साबरमती नदी के किनारे स्थित भारत की पहली ग्रीनफील्ड स्मार्ट सिटी, भारत का फाइनेंशियल गेट–वे और अंतर्राष्टीय वित्तीय सेवा केंद्र 'गुजरात इंटरनेशनल फाइनेंस टेक–सिटी' (गिफ्ट सिटी) का अवलोकन कर अधिकारियों से चर्चा कर रहे थे। उन्होंने गिफ्ट सिटी में स्वच्छता के लिए की गई व्यवस्था के संबंध में विशेष रूप से जानकारी प्राप्त करते हुए ऑटोमेटेड गारबेज एंड वेस्ट कलेक्शन सिस्टम और वेस्ट टनल का अवलोकन किया। उल्लेखनीय है कि गांधी नगर, गुजरात में स्थित गिफ्ट सिटी अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय और व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा देकर भारत को वैश्विक वित्तीय केंद्र बनाने उद्देश्य से विशेष आर्थिक क्षेत्र के रूप में स्थापित गिफ्ट सिटी को वर्ष 2007 में भारत सरकार द्वारा मंजूरी दी गई। यहां प्रमुख वित्तीय सेवाओं, जैसे बैंकिंग, बीमा, वित्तीय बाजार और तकनीकी सेवाओं के लिए आदर्श वातावरण उपलब्ध है।

तेलंगाना की कांग्रेस सरकार ने दिखाया रास्ता

जाति जनगणना का काम 70 फीसदी पूरा

नई दिल्ली, एजेंसी। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने सामाजिक न्याय के लिए जाति जनगणना को जरूरी बताते हुए बुधवार को कहा कि तेलंगाना सरकार ने जाति जनगणना का 70 फ़ीसदी काम पूरा कर लिया है और जल्द ही इस काम को पूरा कर लिया जाएगा। श्री गांधी ने कहा,तेलंगाना में हमारी सरकार ने जातिगत गिनती का 70 प्रतिशत से ज़्यादा काम पूरा कर लिया है। जल्द ही पूरे राज्य का विस्तृत डेटा सरकार के पास होगा, जिसका इस्तेमाल हम नीतियां बनाने और सामाजिक न्याय को मजबूत करने के लिए करेंगे।

उन्होंने कहा, जाति जनगणना उन सभी महत्वपूर्ण कदमों में से पहला कदम है जो अगले कुछ दशकों में संपूर्ण विकास के लिए योजना बनाने में मदद करेगा। यही कारण है कि मैं बार–बार देश में एक व्यापक जातिगत जनगणना करवाने की मांग कर रहा हूं। तेलंगाना की कांग्रेस सरकार ने रास्ता दिखाया है, राष्ट्रीय स्तर पर भी हम एक व्यापक जातिगत जनगणना करवा कर रहेंगे।

पाक में आतंकी हमला, 12 जवानों की मौत

- 6 आतंकवादी भी मारे गए
- चौकी को बनाया था निशाना

इस्लामाबाद, एजेंसी। पाकिस्तान में खैबर पख्तूनख्वा (केपी) में एक बड़े हमले में 12 जवानों की मौत हो गई जबकि छह आतंकवादी मारे गए। पाकिस्तानी मीडिया के मुताबिक बन्नू के माली खेल इलाके में एक चौकी को निशाना बनाकर यह हमला किया गया।

बलूचिस्तान और केपी में सुरक्षा बलों, अन्य कानून प्रवर्तन एजेंसियों और सुरक्षा चौकियों को निशाना बनाकर किए जाने वाले हमलों की संख्या में खासी बढ़ोतरी देखी गई। अशांत बन्नू जिले में हाल ही में उग्रवादी हिंसा में इजाफा हुआ है, जिसमें पुलिसकर्मियों का अपहरण, लड़कियों के स्कूल पर हमला और शूटआउट शामिल है जिसमें तीन सुरक्षाकर्मी शहीद हो गए। इंटर–सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) के अनुसार सेना ने कसम खाई है कि इस जघन्य कृत्य के अपराधियों को इंसाफ के कटघरे में लाया जाएगा। बयान में कहा गया, पाकिस्तान के सुरक्षा बल और कानून प्रवर्तन एजेंसियां आतंकवाद के खतरे को खत्म करने के लिए दृढ़ हैं और हमारे बहादुर जवानों के ऐसे बलिदान हमारे संकल्प को और मजबूत करते हैं।

राज्य में फैले तनाव को लेकर सरकार ने किया फैसला

मणिपुर में मोबाइल इंटरनेट पर प्रतिबंध बढ़ा

इंफाल, एजेंसी। मणिपुर में फैले तनाव के बीच राज्य सरकार ने सात जिलों में मोबाइल इंटरनेट पर प्रतिबंध को तीन दिन के लिए बढ़ा दिया है। सरकार ने कानून–व्यवस्था की समीक्षा करने के बाद मोबाइल इंटरनेट पर प्रतिबंध बढ़ाने का फैसला किया है। निर्देश के मुताबिक इंफाल पश्चिम, इंफाल पूर्व, काकचिंग, बिष्णुपुर, थूओबाल, चूराचांदपुर और कांगपोकपी में अगले तीन दिन तक मोबइल इंटरनेट बंद रहेगा।

मणिपुर सरकार ने राज्य में अशांति के चलते बंद की गई ब्रॉडबैंड सेवाओं को मंगलवार को तीन दिन बाद बहाल कर दिया था। गृह आयुक्त एन अशोक कुमार ने कहा था कि मोबाइल इंटरनेट सेवाएं निलंबित रहेंगी। आदेश में कहा गया कि इंटरनेट प्रतिबंध ने महत्वपूर्ण कार्यालयों, संस्थानों और घर से काम करने वाले लोगों के कामकाज को प्रभावित किया है। लोगों की समस्या को देखते हुए राज्य सरकार ने ब्रॉडबैंड सेवाओं के मामले में सशर्त निलंबन हटाने का विचार किया है। वहीं मोबाइल इंटरनेट डाटा पर प्रतिबंध जारी रखने का फैसला किया है। मणिपुर में हालात लगातार नाजुक बने हुए हैं। सैन्य बलों के अभियान में कुकी–जो समुदाय के 10 विद्रोहियों के मारे जाने के बाद जिरिबाम में मैतेई समुदाय के छह लोगों की लाशें मिलने से पूरे राज्य में जबरदस्त तनाव है। इसके बाद से ही पूरे क्षेत्र में हिंसा भड़क उठी और मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह के दामाद समेत कई विधायकों और नेताओं के घरों को निशाना बनाया गया।

कर्फ्यू में 5 घंटे की ढील

इंफाल। मणिपुर के कुछ जिलों में बुधवार सुबह पांच बजे से 10 बजे तक पांच घंटे के लिए कर्फ्यू में ढील दी गई। कुकी उग्रवादियों द्वारा दो पुरुषों और छह महिलाओं और बच्चों की हत्या के बाद हुए विरोध–प्रदर्शनों के कारण इंफाल पश्चिम, इंफाल पूर्व, बिष्णुपुर, थौबल, काकचिंग और जिरीबाम जिलों में कर्फ्यू लगाया गया है।

कंटेनर से 10 हजार किलो की चांदी की ईंटे बरामद

नासिक, एजेंसी। राज्य में विधानसभा चुनावों के मद्देनजर कड़ी निगरानी कर रहे धुले पुलिस अधिकारियों ने जिले के शिरपुर के थालनेर गांव में गाड़ियों की चेकिंग के दौरान 94 करोड़ रुपये से अधिक कीमत की लगभग 10,000 किलोग्राम चांदी की ईंटे जब्त की हैं। नासिक के विशेष पुलिस महानिरीक्षक दत्तार्त्य कराले ने मामले की जानकारी देते हुए बताया, पुलिस की एक बड़ी कार्रवाई में शिरपुर में एक कंटेनर में 94.68 करोड़ रुपये की 10 हजार किलोग्राम चांदी की सिल्लियां बरामद की गई है। पुलिस अधिकारी के मुताबिक राज्य में इस समय मतदान चल रहा है। चुनाव के दौरान पुलिस प्रशासन द्वारा ▪ शेष पृष्ठ 2 पर

---

56 वर्षों में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की पहली यात्रा

गुयाना में कैरेबियाई नेताओं से मिले प्रधानमंत्री मोदी

जॉर्जटाउन, एजेंसी। गुयाना की ऐतिहासिक यात्रा पर गए पीएम मोदी ने बुधवार सुबह (भारतीय समयानुसार) जॉर्जटाउन पहुंचने के तुरंत बाद कई कैरेबियाई कम्युनिटी (सीएआरआईसीओएम) के नेताओं से मुलाकात की। यह जानकारी गुयाना के राष्ट्रपति मोहम्मद इरफान अली ने दी। बता दें यह 56 वर्षों में दक्षिण अमेरिकी राष्ट्र में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की पहली यात्रा है। जी 20 शिखर सम्मेलन के समापन के बाद रियो डी जेनेरियो से एयरपोर्ट पहुंचने पर पीएम मोदी का स्वागत गुयाना के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री ब्रिगेडियर (रिटायर्ड) मार्क एंथनी फिलिप्स ने एक दर्जन से अधिक कैबिनेट मंत्रियों के साथ किया।

गुयाना के राष्ट्रपति ने (बुधवार शाम, भारतीय समयानुसार) एक्स पर पोस्ट किया, कल शाम, मैंने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का तीन दिवसीय राजकीय दौरे के लिए गुयाना में स्वागत किया। बाद में शाम को जॉर्जटाउन के गुयाना मैरियट होटल में मुझे प्रधानमंत्री मोदी को कई सीएआरआईसीओएम नेताओं से मिलवाने का सौभाग्य मिला, जो दूसरे भारत–सीएआरआईसीओएम शिखर सम्मेलन के लिए यहां आए हैं। इस बैठक ने भारत और कैरीबियाई देशों के बीच मजबूत होते संबंधों को रेखांकित किया, जो ▪ शेष पृष्ठ 2 पर

विनोद तावड़े को तुरंत गिरफ्तार किया जाए : चेन्निथला

तिरुवनंतपुरम, एजेंसी। कांग्रेस के नेता और महाराष्ट्र में कांग्रेस प्रभारी रमेश चेन्निथला ने भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े को वसई–विरार में मतदाताओं को नकदी बांटते रंगे हाथ पकड़े जाने पर तत्काल उनकी गिरफ्तारी की मांग की है। केरल विधानसभा में विपक्ष के पूर्व नेता चेन्निथला ने आरोप लगाया कि हार के डर से भाजपा और उसके सहयोगी बड़े पैमाने पर धन और बल का दुरुपयोग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा राष्ट्रीय महासचिव पर यह आरोप लगाया जा रहा है कि उन्होंने पांच करोड़ रुपए बांटे, इसलिए उनको तुरंत गिरफ्तार किया जाना चाहिए।

लगातार 7वें दिन भी एक्यूआई खतरनाक श्रेणी में

प्रदूषण से लोगों की आंखों में हो रही चुभन

नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली के लोगों को कोहरे और स्मॉग की दोहरी मार झेलनी पड़ रही है। बीते सात दिन से राजधानी गैस चैंबर बनी हुई है। आबोहवा में जहर घुल गया है। इससे लोगों के सीने में जलन, सांस लेने में तकलीफ और ज्यादा देर तक खुले में रहने से आंखों में भी चुभन हो रही है।

वहीं, बुधवार को लगातार सातवें दिन हवा खतरनाक श्रेणी में दर्ज की गई। वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 419 रहा, जोकि गंभीर श्रेणी में है। इसमें बुधवार के मुकाबले 41 सूचकांक की गिरावट दर्ज की गई। एनसीआर में दिल्ली की हवा सबसे प्रदूषित दर्ज की गई। देश में दिल्ली तीसरा सबसे अधिक प्रदूषित शहर रहा। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) का पूर्वानुमान है कि बृहस्पतिवार को भी हवा गंभीर श्रेणी में बरकरार रह सकती है। वहीं, सुबह के समय धुंध के साथ स्मॉग छाए रहने की आशंका है।

इसके अलावा, पालम एयरपोर्ट में सुबह आठ बजे दृश्यता 600 मीटर दर्ज की गई। जो सुधरकर सुबह 9 बजे 700 मीटर हो गई। वहीं, सफदरजंग एयरपोर्ट पर भी दृश्यता 500 मीटर दर्ज की गई। जो उसके बाद सुधरकर सुबह साढ़े सात बजे 600 मीटर हो गई। इससे सड़कों पर आवाजाही पर असर पड़ा। सुबह से लेकर रात तक स्मॉग की चादर छाई रही। हालांकि, दिन चढ़ने के साथ ही हल्का स्मॉग छंटने लगा। इसके बाद शाम ढ़लने के साथ ही एक बार फिर स्मॉग की चादर छाने लगी।

प्रदूषित हवा में सांस लेने को मजबूर

ऐसे में लोगों को प्रदूषित हवा में सांस लेने को मजबूर होना पड़ेगा। वहीं, लोग सड़कों पर मास्क लगाते दिखे। भारतीय उष्णदेशीय मौसम विज्ञान संस्थान (आईआईटीएम) के मुताबिक हवाएं उत्तर–पश्चिम दिशाओं की ओर से चली। इस दौरान हवा की गति 6 किलोमीटर प्रतिघंटे रही। बृहस्पतिवार को हवाएं उत्तर–पश्चिम दिशा से चलने का अनुमान है। हवा की गति 8 किलोमीटर प्रतिघंटे से चलेगी।

दिल्ली का एक्यूआई

14 नवम्बर – 426
15 नवम्बर – 402
16 नवम्बर – 435
17 नवम्बर – 452
18 नवम्बर – 494
19 नवम्बर – 460
20 नवम्बर – 419

विधानसभा अध्यक्ष की अध्यक्षता में हुई ई-विधान परियोजना की बैठक

विधानसभा अगले मानसून सत्र तक होगी पेपरलेस

भोपाल, देशबन्धु। विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर ने निर्देश दिये हैं कि प्रदेश की विधानसभा को मानसून सत्र, 2025 तक पेपरलेस किया जाए। इसके लिए विधानसभा में नेशनल ई-विधान परियोजना (नेवा) लागू की जाये। उन्होंने इस परियोजना के लागू होने से पहले विधानसभा सदस्यों को भी इसकी पर्याप्त जानकारी देने को भी निर्देश दिये हैं। विधानसभा अध्यक्ष श्री तोमर आज विधानसभा में नेवा हाउस कमेटी की बैठक को संबोधित कर रहे थे।

विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि यह परियोजना जल्द से जल्द लागू करने की जरूरत है। उन्होंने बताया कि अब तक 23 प्रदेशों के 25 सदनों ने केन्द्र सरकार द्वारा प्रायोजित ई-विधान परियोजना लागू करने के लिए रूह्र पर हस्ताक्षर किये हैं। देश के 13 प्रदेशों के 14 सदनों में यह परियोजना लागू की जा चुकी है। विधानसभा अध्यक्ष श्री तोमर ने कहा कि अब प्रत्येक दो माह में परियोजना की प्रगति से समिति को अवगत कराया जाये। बैठक में बताया गया कि इस परियोजना के लिये केन्द्र सरकार के संसदीय कार्य मंत्रालय को नोडल विभाग बनाया गया है।

उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने ई-विधान परियोजना में एन.आई.सी. का जिला स्तर तक सहयोग लिये जाने की बात कही। संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि इस परियोजना को लागू करने के लिए विधायकों की जो समिति बनायी गयी है वह समिति जल्द उन राज्यों का दौरा करे, जहां इस परियोजना को सफलतापूर्वक लागू किया जा चुका है। उन्होंने ई-विधान परियोजना के लिए साइबर सिक्यूरिटी पर भी विशेष ध्यान देने की बात कही। बैठक में विधानसभा के प्रमुख सचिव, अवधेश प्रताप सिंह ने बताया कि कुल परियोजना लागत का 60 प्रतिशत अंश केन्द्र सरकार द्वारा और 40 प्रतिशत राज्य सरकार वहन किया जायेगा। केन्द्र सरकार ने अभी तक 19 करोड़ 36 लाख रूपये लागत के परियोजना कार्यों का अनुमोदन कर दिया है। बैठक में टेबलेट, नेटवर्क और ई-लर्निंग एवं ई-फेसिलिटी सेंटर पर भी विचार किया गया।

बैठक में तय हुआ कि विधायकों की सुविधा के लिए जिले के एन.आई.सी. सेंटर को नोडल ट्रेनिंग एजेंसी के तौर पर कहा जायेगा, जिससे विधायक सुविधाजनक तरीके से इस सेवा का लाभ उठा सकेंगे। परियोजना का प्रस्तुतिकरण अपर सचिव वीरेन्द्र कुमार ने दिया।

बैठक में बताया गया कि केन्द्र सरकार के डिजिटल इंडिया प्रोग्राम के तहत देश की समस्त विधानसभाओं को पेपरलेस करने एवं उन्हें एक प्लेटफार्म पर लाने के उद्देश्य से ई-विधान (नेवा) लाँच किया गया है। बैठक में समिति के सदस्य विधायक अजय विश्नोई, बाला बच्चन, श्रीमती रीति पाठक, सुरेश राजे, नीतेन्द्र सिंह राठौर, गौरव सिंह पारधी, अपर मुख्य सचिव विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, संजय दुबे मौजूद थे।

मुख्यमंत्री और जनप्रतिनिधियों ने मंत्रियों के साथ देखी 'द साबरमती रिपोर्ट'

भोपाल, देशबन्धु। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि फिल्म 'द साबरमती रिपोर्ट' इतिहास के काले अध्याय को सामने लाती है। यह फिल्म वर्ष 2002 में गुजरात के गोधरा में हुई घटना की सत्यता को सामने लाती है। फिल्म वास्तविक तथ्यों पर फिल्माई गई है। फिल्म उन 59 कारसेवकों के बलिदान की जानकारी देती है, जिसे उस दौर में गलत बताया गया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि फिल्म को मध्यप्रदेश शासन द्वारा करमुक्त किया गया है।

डॉ. यादव ने कहा प्रदेश में फिल्मांकन की दृष्टि से अनेक महत्वपूर्ण स्थान हैं। उन्होंने कहा कि फिल्म 'द साबरमती रिपोर्ट' के निर्माता ने इस फिल्म का निर्माण कर आज की पीढ़ी को 22 वर्ष पुरानी घटना की सच्चाई बताने का कार्य किया है।

वहीं सांसद भाजपा प्रदेशाध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने फिल्म को टैक्स फ्री करने का सराहनीय निर्णय लिया है। फिल्म के निर्माता अंशुल मोहन ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने फिल्म को समर्थन दिया है। इसके लिए फिल्म की पूरी यूनिट उनकी आभारी हैं। फिल्म के नायक विक्रांत मैसी ने कहा कि आने वाली पीढ़ी को इतिहास की जानकारी होना चाहिए। सुश्री एकता कपूर ने इतिहास के महत्वपूर्ण अध्याय को सामने लाने का कार्य किया है। फिल्म की नायिका सुश्री राशि खन्ना ने कहा कि मध्यप्रदेश में भोपाल, खजुराहो, पचमढ़ी और कई अन्य महत्वपूर्ण स्थान हैं। मध्यप्रदेश फिल्म निर्माण का महत्वपूर्ण केंद्र बन रहा है। मुम्बई के बाद प्रदेश का फिल्म जगत में अहम स्थान बन रहा है।

बजट के लिए सुझाव आमंत्रित

लोक कल्याणकारी बजट के लिए सभी के सुझावों लिए जाएंगे

भोपाल, देशबन्धु। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशानुरूप प्रदेश के चहुँमुखी विकास और जन-कल्याण को दृष्टिगत रखते हुए वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट की तैयारियां शुरू कर दी गई है। बजट को अधिक लोक कल्याणकारी बनाने के लिये आमजन के सुझाव आमंत्रित किये जा रहे हैं। प्रदेश का आम नागरिक राज्य के बजट को प्रभावी बनाने अपने सुझाव साझा कर सकेंगे।

उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत @2047 के लक्ष्य में मध्यप्रदेश भी अपना योगदान देने के लिये अग्रसर है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में विकसित मध्यप्रदेश @2047 का विजन तैयार किया जा रहा है। निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति को ध्यान में रखते हुए प्रदेश के आगामी वित्तीय वर्ष 2025-26 का लोक कल्याणकारी बजट तैयार किया जायेगा। उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने बताया कि राज्य का बजट प्रदेश के सर्वांगीण विकास व आम नागरिकों के खुशहाल जीवन को साकार करने, सतत् विकास की गति बनाये रखने, आधारभूत सुविधाओं का विकास व सभी वर्गों के कल्याण में महत्वपूर्ण साधन रहा है। समाज के सभी वर्गों से प्राप्त सुझावों, मार्गदर्शन, प्राथमिकताओं आदि से प्रदेश का बजट, सर्वांगीण विकास की दिशा में बढ़ाया गया एक और महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। MPMYGov पर सुझाव एवं मार्गदर्शन आमंत्रित किये गये हैं। सुझाव 15 जनवरी, 2025 तक लिये जायेंगे। सुझावों के साथ आम नागरिक अपना नाम, शहर, जिला, पिनकोड एवं मोबाइल नम्बर भी अंकित करे।

अपेक्स बैंक के 71 वें सहकारी सप्ताह का समापन

ग्रामीण विकास के लिए सदैव प्रयास करते रहने चाहिए : तिवारी

71 वाँ अखिल भारतीय सहकारी सप्ताह - 2024
संगोष्ठी
सतत् विकास लक्ष्यों की प्राप्ति में सहकारिता की भूमिका एवं एक बेहतर विश्व का निर्माण

भोपाल, देशबन्धु। अपेक्स बैंक के पूर्व प्रबंध संचालक पी.एस.तिवारी ने सतत विकास लक्ष्य की प्राप्ति में सहकारिता की भूमिका एवं एक बेहतर विश्व का निर्माण विषय पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वैसे तो भारत में सहकारी आंदोलन की शुरूआत वर्ष 1904 से हुई, लेकिन सहकारिता हमारे दैनिक जीवन के साथ अनादि काल से ही जुड़ी हुई है । वह आज अपेक्स बैंक मुख्यालय में 71 वें सहकारी सप्ताह के समापन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हमें सतत व संवर्गीय माध्यम से ग्रामीण विकास के लिए सदैव प्रयास करते रहने चाहिए।

इस संगोष्ठी में नाबार्ड के उप महाप्रबंधक नन्दू नाइक ने कहा कि भारत कि आबादी का 30 प्रतिशत क्षेत्र सहकारिता से जुड़ा है, जबकि मध्यप्रदेश में लगभग 15 प्रतिशत आबादी इससे संबंद्ध है। म.प्र.राज्य सहकारी संघ के प्रबंध संचालक ऋतुराज रंजन ने कहा कि आधुनिक प्रतिस्पर्धा के युग में नवीन टेक्नोलॉजी के माध्यम से निरन्तर प्रगति की दिशा में सकारात्मक प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि 25 नवम्बर को दिल्ली में अंतर्राष्ट्रीय सहकारी सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत संजय मोहन भटनागर, वि.क.अ. ने किया तथा उद्घाटन भाषण अरूण मिश्रा, वि.क.अ. ने आयोजन पर प्रकाश डालते हुए दिया, जबकि आभार प्रदर्शन श्रीमती अरुणा दुबे, वि.क.अ. ने किया।

इस अवसर पर उप सचिव सहकारिता मनोज सिन्हा, अपेक्स बैंक की वि.क.अ. श्रीमती कृति सक्सेना, उप महाप्रबंधक आर.एस.चंदेल, मार्कफेड के सचिव व बीज संघ के प्रबंध संचालक महेंद्र दीक्षित, मत्स्य महासंघ के सचिव यतीश त्रिपाठी, संयुक्त आयुक्त एच.एस.बाघेला, अरुण मिश्र, उपायुक्त उमेश तिवारी, अखिलेश निगम, बैंक के प्रबंधक विवेक मलिक, करुण यादव के साथ सहकारिता विभाग व बैंक के वरिष्ठ अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित हुए। कार्यक्रम में सहकारिता सप्ताह के तहत 14 नवंबर को आयोजित निबंध प्रतियोगिता में विजेता प्रतिभागियों को संगोष्ठी के दौरान सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता का विषय था, सहकारिता मंत्रालय की नई पहलों से सहकारी आंदोलन का सुदृढ़ीकरण। स्कूल और कॉलेज के विद्यार्थियों ने इसमें उत्साहपूर्वक भाग लिया। विजेताओं को प्रमाण पत्र और ट्रॉफी प्रदान की गई।

केन्द्रीय मंत्री की उपस्थिति में हुई समीक्षा बैठक

आंगनबाड़ियों में स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने हर संभव प्रयास हों

भोपाल, देशबन्धु। केंद्रीय महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री श्रीमती सावित्री ठाकुर की अध्यक्षता और प्रदेश की महिला एवं बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया की उपस्थिति में बुधवार को मंत्रालय में विभागीय समीक्षा बैठक हुई।

केंद्रीय राज्यमंत्री श्रीमती ठाकुर ने कहा कि जनजातीय क्षेत्रों में पानी की उपलब्धता के लिए पीएचई विभाग से समन्वय कर आंगनवाड़ियों में स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराये जाने के हरसंभव प्रयास कराये जाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि विभागीय योजनाओं का प्रचार-प्रसार जिला स्तर पर व्यापक रूप से होना चाहिए। सरकारी

विभागीय योजनाओं व गतिविधियों का जिला स्तर पर हो प्रचार

कार्यालयों, बस स्टैंड्स, स्कूलों, सार्वजनिक स्थानों पर विभागीय योजनाओं का प्रचार-प्रसार निरंतर किया जाना चाहिए। लाड़ली बहना योजना, सुकन्या समृद्धि योजना आदि महत्वपूर्ण योजनाओं का प्रधानमंत्री की मंशानुरूप प्रचार प्रसार कराया जाना चाहिए। प्रमुख सचिव महिला बाल विकास श्रीमती रश्मि अरुण शमी ने जानकारी दी कि विभाग द्वारा योजनाओं की शत प्रतिशत राशि खर्च की गई है। केंद्रीय महिला बाल विकास की संयुक्त सचिव ने सराहना भी की।

आयुक्त, महिला बाल विकास श्रीमती सूफिया फारुकी वली ने जानकारी देते हुए बताया कि आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के पदों के लिए जल्द ही भर्ती प्रक्रिया शुरू की जाएगी। मिनी आंगनवाड़ियों से आंगनवाड़ी केन्द्रों में ऑनलाइन भर्ती की प्रक्रिया जल्द ही शुरू की जाएगी। बैठक में केंद्रीय महिला एवं बाल विकास विभाग की संयुक्त सचिव सुश्री प्रीति राव, मप्र महिला एवं बाल विकास की उप सचिव श्रीमती माधवी नागेंद्र सहित समस्त संभागीय संयुक्त संचालक, महिला एवं बाल विकास, जिला कार्यक्रम अधिकारी उपस्थित थे।

नवाचार से कुपोषण मुक्त होगा मप्र : निर्मला

महिला बाल विकास मंत्री सुश्री भूरिया ने झाबुआ में शुरू किये गए मोटी आई कुपोषण मुक्त झाबुआ अभियान की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे नवाचार से हम कुपोषण मुक्त मध्यप्रदेश बनाने में सफल होंगे। उन्होंने बताया कि स्वस्थ महिला को मोटी आई का नाम दिया गया है। झाबुआ में ऐसे बच्चे जिनकी माँ पलायन कर चली जाती है या महिला कम उम्र की होने से बच्चे के वजन को बढ़ाने में या उसे स्वस्थ रखने की समझ नहीं रखती है, ऐसी महिलाओं के कुपोषित बच्चों की ज़िम्मेदारी मोटी आई लेती है। जो पलायन कर गई माँ के बच्चों का अपने बच्चे सा ध्यान रखती है और कुपोषित बच्चे की माँ को स्वस्थ रहने में मदद करती है। सुश्री भूरिया ने केन्द्रीय राज्यमंत्री से प्रदेश में शुरू किये गये विशेष प्रोजेक्टस के अनुदान की स्वीकृति देने के संबंध में चर्चा की।

राज्यपाल ने जनजातीय कार्य, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, आयुष योजनाओं की समीक्षा की

योजना के परिणामों का मैदानी स्तर पर हो मूल्यांकन : राज्यपाल

राज भवन मध्य प्रदेश

भोपाल, देशबन्धु। राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन से प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक योजना को पहुंचाने के प्रयास किए जाने चाहिए। मॉनिटरिंग का भी यही लक्ष्य होना चाहिए। उन्होंने कहा कि

व्यक्तिगत और सामुदायिक योजना के परिणामों का मूल्यांकन मैदानी स्तर पर किया जाए। वंचित और छूट रहे व्यक्तियों और क्षेत्रों तक विकास की योजनाओं की पहुंच को सफलता का पैमाना माना जाए। श्री पटेल आज जनजातीय प्रकोष्ठ के द्वारा संयोजित बैठक में बोल रहे थे। दो सत्रों में आयोजित इस बैठक के प्रथम सत्र में लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग और आयुष विभाग की समीक्षा की गई।

दूसरे सत्र में जनजातीय कार्य विभाग की योजनाओं पर चर्चा की गई। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान निर्देश दिए कि स्क्रीनिंग के दौरान सिकल सेल प्रभावितों की अधिक संख्या वाले चिन्हित क्षेत्रों और 20 से 30 वर्ष की आयु समूह की स्क्रीनिंग के कार्य को व्यापकता प्रदान की जाए। जांच का कार्य तेज गति से किया जाए। गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व और प्रसव के 72 घन्टों के भीतर जांच हो। श्री पटेल ने कहा कि इस संबंध में विभाग द्वारा कार्य योजना तैयार की जाना चाहिए। श्री पटेल ने आयुष विभाग की चर्चा के दौरान कहा कि सिकल सेल रोग प्रबंधन और उपचार में होम्योपैथी, आयुर्वेद और योग की भूमिका के संबंध में विभाग द्वारा किए जा रहे अनुसंधान का तुलनात्मक परीक्षण भी कराया जाए। पॉयलट जिलों की सभी तहसील के वाहक और रोगी अध्ययन में सम्मलित हो। कार्यक्रम में मौजूद उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने बताया कि मेडिकल कॉलेज इंदौर के ट्रांसफ्यूज़न विभाग को केन्द्र सरकार द्वारा सेंटर ऑफ कॉम्पीटेंस घोषित किया गया है। उन्होंने कहा कि सिकल सेल प्रभावितों को जेनेटिक कार्ड प्रदान करने के साथ ही प्रसव पूर्व जांच के प्रयासों को भी व्यापकता दी जाएगी।

आयुष मंत्री इंदर सिंह परमार ने कहा कि उच्च शिक्षा विभाग द्वारा चिकित्सा विभाग के साथ समन्वय कर सिकल सेल जन जागृति के प्रयासों को विस्तारित करने की योजना है। उन्होंने महाविद्यालयों में सिकल सेल के संबंध में चिकित्सकों द्वारा विद्यार्थियों को जानकारी दिए जाने की आवश्यकता बताई। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल, आयुष मंत्री इंदर सिंह परमार, अध्यक्ष जनजातीय प्रकोष्ठ दीपक खाण्डेकर, राज्यपाल के प्रमुख सचिव मुकेश चन्द गुप्ता, प्रमुख सचिव आयुष डी.पी. आहूजा, प्रमुख सचिव स्वास्थ्य संदीप यादव, आयुष आयुक्त श्रीमती उमा महेश्वरी, प्रबंध संचालक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन डॉ. सलोनी सिडाना एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। द्वितीय सत्र में प्रमुख सचिव जनजातीय कार्य गुलशन बामरा, आयुक्त जनजातीय श्रीमन शुक्ला और अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

प्रथम पृष्ठ का शेष

झारखंड 67, महाराष्ट्र में 58.... उधर, महाराष्ट्र की 288 विधानसभा क्षेत्र में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच आज सुबह सात बजे से मतदान शुरू हो गया, जो शाम छह बजे तक चला। इस दौरान 58.25 प्रतिशत मतदाताओं ने मताधिकार का इस्तेमाल किया। राज्य में गढचिरौली में सबसे अधिक 69.63 प्रतिशत और मुंबई सिटी में सबसे कम 49.07 प्रतिशत मतदान हुआ। राज्य चुनाव आयोग ने बताया कि राज्य के कुछ मतदान केन्द्रों में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन में खराबी आने पर मतदान प्रकिया बाधित हुई और मतदान केन्द्र के बाहर मतदाताओं को लम्बी कतार में अपनी बारी का इंतजार करते हुए देखा गया। महाराष्ट्र में 4136 उम्मीदवार मैदान में- महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में 4136 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला आज इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन में बंद हो गया। राज्य के पांच करोड़ से अधिक पुरुष, 4.68 करोड़ से अधिक महिला और 6101 ट्रांसजेंडर सहित 9.70 करोड़ से अधिक मतदाताओं ने अपने पसंदीदा उम्मीदवार की किस्मत ईवीएम में बंद कर दी। मतदान के लिए कुल 1,00,427 केंद्र बनाए गए थे। मतदान केंद्रों पर 1,64,996 बैलेट यूनिट, 1,19,439 कंट्रोल यूनिट और 128531 वीवीपैट मशीनें लगी हुई थी।

महायुति और एमवीए में मुकाबला- विधानसभा की सभी सीटों पर महायुति और महाविकास अघाड़ी के बीच सीधा मुकाबला रहा। वहीं वंचित बहुजन अघाड़ी (वीबीए), बहुजन समाज पार्टी, ऑल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन और अन्य छोटी पार्टियों ने भी दोनों मोर्चों के सामने चुनौती खड़ी की। मुंबई में 113 वर्षीय महिला, पुरुष ने किया मतदान-मुंबई के नेपियन सी रोड इलाके में 113 वर्षीय महिला और ग्रांट रोड इलाके में 103 वर्षीय पुरुष ने मतदान केंद्र पर जाकर वोट डाला। बृहन्मुंबई नगर निगम ने एक बयान में कहा, नेपियन सी रोड निवासी श्रीमती कंचनबेन नंदकिशोर बादशाह, उम्र 113 वर्ष और ग्रांट रोड निवासी श्री जी जी पारेख, उम्र 103 वर्ष, ने मालाबार हिल के मतदान केंद्र पर वोट डाले।

कई स्थानों पर ईवीएम में आई खराबी-महाराष्ट्र में बुधवार को विधानसभा चुनाव के दौरान कई स्थानों पर इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) में खराबी के कारण मतदान प्रक्रिया बाधित हुई और मतदाताओं को लम्बी कतार में मतदान करने के लिए इंतजार करना पड़ा। अकोला पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के बी आर हाई स्कूल में बूथ नंबर 169 में ईवीएम मशीन ने तकनीकी समस्या के कारण काम करना बंद कर दिया। मालेगांव आउटर विधानसभा क्षेत्र के बूथ नंबर 292 पर ईवीएम ने अचानक काम करना बंद कर दिया, जिससे मतदाताओं को मतदान करने की समस्या का सामना करना पड़ा।

उत्तरप्रदेश : पहचान पत्र मांगने के.... नहीं करेगी। पुलिस का काम पोलिंग बूथ की सुरक्षा करना है और अगर आगे भी ऐसी कोई शिकायत मिलेगी तो उस पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी। इस बीच मुजफ्फरनगर में मीरापुर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम ककरौली में दो पक्षों के बीच हिंसक झड़प में कुछ लोग घायल हो गए। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिषेक सिंह ने बताया कि झड़प की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने हल्का बल प्रयोग कर उपद्रवियों को खदेड़ दिया।

श्रीकृष्ण से जुड़े स्थल.... न्यास के अधिकार, कार्यकारी समिति, सदस्यों, कार्यकारी समिति के अधिकार, न्यासी सचिव के अधिकार, मुख्य कार्यपालक अधिकारी के अधिकार, न्यास के लेखे एवं अंकेक्षण एवं न्यास के कार्यक्षेत्र एवं सीमा से संबंधित विषयों का विस्तारपूर्वक वर्णन होगा। श्रीकृष्ण पाथेय न्यास के उद्देश्यों में प्रदेश में भगवान श्रीकृष्ण के चरण जहां-जहां पड़े उन स्थानों को तीर्थ के रूप में विकसित और संरक्षित करना और हमारी सामाजिक संस्कृति की गौरवशाली परम्परा के महत्व को समझने के लिए सम्बन्धित क्षेत्रों का डाक्युमेंटेशन, रिकॉर्डिंग, छायांकन, फिल्मांकन एवं चित्राकंन आदि करना शामिल है। श्रीकृष्ण पाथेय न्यास के अंतर्गत भगवान श्रीकृष्ण के मंदिरों एवं उनमें स्थित जल संरचनाओं, वन सम्पदा, उद्यान आदि की सुरक्षा, संरक्षण, संवर्धन एवं प्रबंधन किया जाएगा। इन धार्मिक तीर्थ स्थलों का राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रचार-प्रसार किया जाएगा। इसके साथ ही उज्जैन में 64 कलाओं और 14 विद्याओं की विधिवत शिक्षा के लिए सांदीपनि गुरुकुल की स्थापना के लिए परामर्श, सुझाव एवं अन्य कार्रवाई की जाएगी। मप्र की सीमा में आने वाले श्रीकृष्ण पाथेय के चिन्हांकित स्थलों के अवलोकन, पुरान्वेषण व धार्मिक, आध्यात्मिक, सांस्कृतिक, साहित्यिक, इतिहास आदि की दृष्टि से रचनात्मक विकास हेतु परामर्श, सुझाव एवं आवश्यकतानुसार कार्रवाई की जाएगी। केन्द्र एवं राज्य शासन के सर्व संबंधित विभागों के समन्वय से श्रीकृष्ण पाथेय के स्थानों का सामाजिक, आर्थिक एवं पर्यटन की दृष्टि से विकास और विभिन्न निर्माण एवं अधोसंरचना का विकास किया जाएगा। साथ ही जन-सामान्य को धार्मिक, सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक रूप से प्रबुद्ध करते हुए पर्यटकों, शोधार्थियों, युवाओं और सभी वर्ग के विद्यार्थियों की जानकारी के लिए पुस्तकालयों, संग्रहालयों एवं सूचना केन्द्रों की स्थापना की जाएगी। श्रीकृष्ण पाथेय न्यास द्वारा पौराणिक काल से वर्तमान समय तक भगवान श्रीकृष्ण को जगद्गुरु स्वरूप स्थापित करने में अपना योगदान प्रदान करने वाले अनेक-अनेक तेजस्वी नायकों, दार्शनिकों, मंत्रदृष्टा ऋषियों, संतों, मनीषियों, चिंतकों, कवियों, साहित्यकारों, कलाकारों, वैज्ञानिकों के अवदान का रेखाकंन एवं वाणियों का ध्वन्यांकन तथा फिल्मांकन कराया जाएगा। भगवान श्रीकृष्ण की प्रेरक कथाओं और चित्रों का चित्रांकन, उत्कीर्णन एवं शिल्पकला की विधा के माध्यम से प्रस्तुतिकरण किया जाएगा। श्रीकृष्ण पाथेय न्यास के अंतर्गत सभागारों, सामुदायिक केन्द्रों (कम्युनिटी सेंटर) और धर्मशालाओं का निर्माण एवं व्यवस्थापन कार्य किया जाएगा। चयनित 209 स्टाफ नर्सों को नियुक्ति दिए जाने की स्वीकृति कैबनेट ने प्रोफेशनल एग्जामिनेशन बोर्ड (वर्तमान में कर्मचारी चयन मंडल) द्वारा 27 जनवरी, 2022 को घोषित परीक्षा परिणाम के आधार पर स्टाफ नर्स के पद पर चयनित 209 अभ्यार्थियों को विभाग के अधीन संचालित चिकित्सा महाविद्यालयों में वर्तमान में उपलब्ध रिक्त पदों पर नियुक्ति दिये जाने के प्रस्ताव पर स्वीकृति प्रदान की गई है।

कंटेनर से 10 हजार.... वाहनों की सख्ती से जांच की जा रही है। इसी कड़ी में पुलिस ने आज सुबह 5 बजे शिरपुर तालुका के थालनेर गांव में एक कंटेनर की तलाशी ली जिस दौरान यह चांदी बरामद की गई है। कंटेनर में मिली कीमती चीजें किसी बैंक से संबंधित बताई जा रही हैं और मामले की जांच जारी है।

गुयाना में कैरेबियाई नेताओं से.... साझा मूल्यों और आपसी प्रगति के दृष्टिकोण पर आधारित है। गुयाना के नेता ने विशेष रूप से उल्लेख किया कि प्रधानमंत्री मोदी को गुयाना में भारतीय प्रवासियों के सदस्यों से जुड़ने का अवसर भी मिला। उन्होंने कहा, हमारी 'वन गुयाना' पहल के तहत सांस्कृतिक प्रदर्शन को देखना बहुत ही सुखद था, जो कि विविधता में एकता और हमारे राष्ट्रों को जोड़ने वाले गहरे संबंधों का सेलीब्रेशन था।

पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए गिरिराज चाचा द्वारा श्री सिद्धि विनायक प्रिंटर्स, प्लाट नं. 26 बी देशबन्धु परिसर, प्रेस कॉम्पलेक्स, जोन-1, एम.पी. नगर, भोपाल म.प्र. 462011 से मुद्रित एवं प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन,** कार्यकारी संपादक: **ज़ाकिर अली*** फोन 0755-4222971, ई-मेल deshbandhubpl1@yahoo.co.in प्रेस पंजीयन-प.स. 45096/85 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

बिल्डर को अगवा कर फिरौती वसूलने का मामला

पुलिस रिकार्ड में अपराध वाले दिन ड्यूटी पर था आरक्षक!

भोपाल,देशबन्धु। कोलार इलाके में रहने वाले बिल्डर नीतेश ठाकुर को अगवा कर बंधक बनाने, पीटने और 30 लाख रुपए की फिरौती वसूलने के मामले के आरोपी आरक्षक हेमंत चौहान को निलंबित कर दिया गया है। उसकी विभागीय जांच शुरू कर दी गई है। अब तक की जांच में चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। इसके तहत आरक्षक ने जिस दिन अपहरण कांड को अंजाम दिया, यातायात पुलिस के रिकॉर्ड में वह ड्यूटी पर उपस्थित था। अब इस बात की भी जांच कराई जा रही है कि उसकी उपस्थिति गैरमौजूदगी के बावजूद किसने उपस्थिति दर्ज की थी।

यातायात पुलिस के डीसीपी संजय सिंह ने बताया कि आरक्षक हेमंत चौहान को निलंबित कर दिया गया है और उसकी विभागीय जांच शुरू कर दी गई है। जांच में यह बात सामने आई कि घटना के दिन 27-28 अक्टूबर को आरोपी भोपाल यातायात पुलिस के रिकॉर्ड में ड्यूटी पर था, जबकि प्रति दिन गठाना में हाजिर पुलिसकर्मियों की ही हाजरी दर्ज की जाती है। इसके बाद भी आरोपी की हाजिरी किसकी मिलीभगत से दर्ज की गई, इसकी भी जांच कराई जा रही है। हालांकि आरोपी के बारे में यह जानकारी भी मिली है कि जिस पाइंट पर उसकी ड्यूटी होती थी, वहां से वह बिना बताए गैरहाजिर हो जाता था। रिकॉर्ड में 27 अक्टूबर को हेमंत चौहान की ड्यूटी होशंगाबाद रोड पर लगाई गई थी।

मौसम: कोहरे के साथ धुंध भी छा रही है

भोपाल,देशबन्धु। *राजस्थान पर बने चक्रवात के कारण सर्द हवा चलने का सिलसिला बना हुआ है। इस वजह से मध्य प्रदेश में न्यूनतम तापमान में गिरावट हो रही है। हवाओं के साथ कुछ नमी आने के कारण कोहरा और धुंध भी छा रही है। मौसम का इस तरह का मिजाज अभी दो दिन तक बना रह सकता है।*

मौसम विज्ञान केंद्र से मिली जानकारी के अनुसार राजस्थान पर एक प्रति चक्रवात बना हुआ है। इसके प्रभाव से लगातार सर्द हवाएं मध्य प्रदेश की तरफ आ रही हैं। इस वजह से रात के तापमान में गिरावट हो रही है। हवाओं के साथ कुछ नमी भी आने से ग्वालियर-चंबल संभाग के जिलों में कोहरा बना हुआ है। शेष शहरों में सुबह के समय धुंध बनी रहती है। बुधवार को मध्य प्रदेश के मैदानी क्षेत्रों में सबसे कम 10.2 डिग्री सेल्सियस तापमान मंडला में दर्ज किया गया। इसी तरह पहाड़ी क्षेत्र पचमढ़ी में न्यूनतम तापमान 7.8 डिग्री सेल्सियस पर रहा। इधर राजधानी भोपाल में रात का तापमान 11 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो इस मौसम का सबसे कम तापमान रहा। यह 10 साल में नवंबर का सातवां सबसे कम तापमान है। वहीं राजधानी में बुधवार सुबह 10 बजे तक सर्दी का असर देखने को मिला। इसके बाद धूप निकलने से थोड़ी राहत मिली। सुबह के समय कोलार, बैरसिया रोड, अयोध्या बायपास समेत कई इलाकों में कोहरा भी देखने को मिला, जबकि बड़े तालाब भी धुंध छाई हुई थी।

मौसम विज्ञानियों के अनुसार अभी दो दिन तक मौसम का मिजाज इसी तरह बना रहेगा। गुरुवार को बंगाल की खाड़ी में तमिलनाडु के तट के पास हवा के ऊपरी भाग में एक चक्रवात बनने जा रहा है। आगे बढ़कर यह कम दबाव के क्षेत्र में परिवर्तित हो सकता है। इसके असर से हवाओं का रुख बदल सकता है। इसके चलते दो दिन बाद प्रदेश में कहीं-कहीं बादल भी छा सकते हैं। इससे रात के तापमान में कुछ बढ़ोतरी भी हो सकती है।

मेट्रो रेल परियोजना की बैठक में हुई अतिक्रमण हटाने की चर्चा

भोपाल,देशबन्धु। एडीएम सिद्धार्थ जैन की अध्यक्षता में भोपाल मेट्रो रेल परियोजना के तहत रूट में आने वाले अतिक्रमण हटाने, भूमि आवंटन, मुआवजा राशि वितरण आदि को लेकर बैठक कलेक्ट्रेट में आयोजित की गई। बैठक में मेट्रो के अधिकारियों ने जिंसी चौराहा, ईरानी डेरा, भोपाल रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 6 के पास अतिक्रमण हटाने की योजना पर चर्चा की। बैठक में सिंधी कॉलोनी के पास भूमि आवंटन और प्रभावित व्यक्तियों को मुआवजा राशि वितरण के कार्यों पर सहमति बनी। साथ ही, बैरागढ़ चिकलोद क्षेत्र में ब्लू लाइन मेट्रो के लिए सर्वेक्षण कार्य आगामी सोमवार से शुरू करने का निर्णय लिया गया। इस कार्य को सुचारु रूप से संपन्न करने के लिए एडीएम ने संबंधित अधिकारियों एसडीएम बैरागढ़ आदित्य जैन और एसडीएम शहर दीपक पांडे को कार्यों के क्रियान्वयन की जिम्मेदारी सौंपी है।

युवक पर जानलेवा हमला, हाथ की नसें कटी

भोपाल,देशबन्धु। निशातपुरा इलाके में रहने वाले एक युवक पर दो लोगों ने चाकू से प्राणघातक हमला कर दिया। दोनों के बीच पुराना विवाद चल रहा था। इसी के चलते चाकू से युवक पर एक दर्जन से ज्यादा वार किए गए। इससे घायल के हाथ की नसें कट गई हैं। गंभीर रूप से घायल युवक को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया।

पुलिस के मुताबिक अमन कालोनी में रहने वाला आदिल खान उम्र 18 वर्ष डेंटिंग-पेंटिंग का काम करता है। वकील कालोनी में रहने वाले अबीन के साथ कुछ दिनों पहले उसका विवाद हुआ था, जिस पर उसने अबीन पर हमला किया था। उसके बाद से दोनों के बीच रंजिश चल रही थी। मंगलवार की रात करीब दस बजे अबीन ने पुराने विवाद को सुलझाने लिए आदिल को बुलाया था। आदिल पहुंचा तो अबीन और उसका साथी मिले। दोनों पुराने झगड़े को लेकर उसके साथ गाली-गलौज करने लगे। आदिल ने जब गाली देने से मना किया तो दोनों ने मारपीट करते हुए उस पर चाकू से हमला कर दिया। आरोपियों ने आदिल के हाथ और पांव में करीब एक दर्जन से अधिक वार किए हैं। इससे उसको गंभीर चोट आई। उसके के हाथ की नस कट गई उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। फिलहाल किसी की गिरफ्तारी नहीं की जा सकी है। पुलिस आरोपियों की तलाश में संबंधित ठिकानों पर दबिश दे रही है।

होटल मालिक से मारपीट, सोने चेन झपटी

भोपाल,देशबन्धु। टीटी नगर इलाके में एक होटल मालिक के साथ मारपीट कर सोने की चेन झपटने का मामला सामने आया है। हालांकि, चेन का आधा हिस्सा टूट कर उनकी कार में ही गिर गया था। लेकिन पीड़ित का आरोप है कि पुलिस उन्हें 7 घंटे तक थाने में बैठाए रही, एफआईआर भी नहीं लिखी। घटना सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हुई है। उधर, पुलिस मामले को आपसी विवाद बता रही है।

शहर के श्वेता कॉम्प्लेक्स में रहने वाले श्रीकांत दुबे उम्र 30 वर्ष बंसल अस्पताल के सामने श्याम पैराडाइज नाम से होटल चलाते हैं। उन्होंने बताया कि वे 18 नवंबर की रात न्यू मार्केट स्थित गैमन इंडिया मॉल के ड्रीम लैंड क्लब में गए थे। यहां दोस्त सत्य विजय चौहान ने अपनी जन्मदिन की पार्टी रखी थी। उन्होंने कार को मॉल के सामने पेट्रोल पंप में खड़ा किया था। रात करीब 3 बजे पार्टी के बाद घर लौटने के लिए निकले और कार के पास पहुंचे, तो वहां जान-पहचान वाले कृष्णा साहू, शुभम कामले निवासी भीम नगर और शिवा निवासी पुरानी जेल के सामने मिले। यह शराब के लिए पैसों की डिमांड करने लगे। पैसे नहीं दिए तो मारपीट की। साथ ही चेन झपट ली और 3 हजार 260 रुपए छीन लिए। रात ज्यादा होने पर घर चले गए और दूसरे दिन 19 नवंबर को थाने में शिकायत दर्ज कराने टीटी नगर थाने पहुंचे तो पुलिस उन्हें 7 घंटे तक थाने में बैठाए रही, एफआईआर भी नहीं लिखी और आवेदन में भी घटनाक्रम अपने हिसाब से लिखा गया। आवेदन के अनुसार, विवाद होटल में खाना खाने के बाद दो हजार 8 सौ रुपए का बिल भरने की बात पर हुआ। चेन गिरने और बाद में घटनास्थल पर ही मिल जाने की बात लिखी गई। इस संबंध में उन्होंने बुधवार को पुलिस के बर्ताव को लेकर पुलिस आयुक्त कार्यालय में शिकायत की है।

इधर टीटी नगर के थाना प्रभारी का कहना है कि दोनों पक्षों में सिर्फ झूमाझटकी हुई थी। दोनों ही पक्ष दोस्त हैं, उन्होंने होटल में एक साथ शराब पी, नशे में पूरा विवाद हुआ है। मामले की जांच कराई जा रही है। जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी। फरियादी श्रीकांत के खिलाफ पूर्व में शाहपुरा थाने में आपराधिक प्रकरण दर्ज हो चुका है।

रोगों के प्रभावी नियंत्रण के लिए निजी स्वास्थ्य संस्थाएं तुरंत दें जानकारी : डॉ. तिवारी

भोपाल,देशबन्धु। स्वास्थ्य विभाग,भोपाल द्वारा राष्ट्रीय वाहक जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स)में प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में वाहक जनित रोगों के कारणों, लक्षणों, बचाव और उपचार के बारे में एम्स के विषय विशेषज्ञों द्वारा जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में शासकीय एवं निजी अस्पतालों के डेढ़ सौ से अधिक चिकित्सक शामिल हुए।

प्रशिक्षण को संबोधित करते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रभाकर तिवारी ने कहा कि देश में वर्ष 2030 तक मलेरिया उन्मूलन का लक्ष्य एवं मलेरिया मुक्त क्षेत्र में पुनः संक्रमण रोकने के लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं। मलेरिया जांच हेतु आशा कार्यकर्ताओं को जांच किट उपलब्ध करवाई गई है। वेक्टर जनित रोगों की जांच और उपचार की सुविधा शासकीय अस्पतालों में निःशुल्क उपलब्ध है। डॉ. तिवारी ने कहा कि वाहक जनित रोगों के प्रभावी नियंत्रण के लिए सभी निजी स्वास्थ्य संस्थाएं स्वास्थ्य विभाग को तुरंत अवगत करवाना सुनिश्चित करें। जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. प्रांजल खरे ने बताया कि विश्व में अभी तक 40 देशों को मलेरिया फ्री घोषित किया गया है। भारत देश मलेरिया मुक्ति के रास्ते पर है एवं वर्ष 2030 तक जीरो मलेरिया लक्ष्य प्राप्ति के लिए प्रयास किए जा रहे है। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान की डॉ. दीप्ति डाबर ने वाहक जनित रोग नियंत्रण विषय पर जानकारी देते हुए कहा कि मच्छर जनित बीमारियों में मलेरिया सबसे प्रचलित बीमारी है। मलेरिया का खतरा 5 वर्ष से कम उम्र के बच्चों और गर्भवती महिलाओं को ज्यादा रहता है। तेज ठंड देकर बुखार, कंपकपी, सिर दर्द ,बदन दर्द, उल्टी होना मलेरिया को प्रमुख लक्षण है । गंभीर अवस्था में यह खून की कमी का कारण भी हो सकता है । यदि इसका शीघ्र एवं पर्याप्त उपचार नहीं लिया जाए तो मलेरिया से रोगी की मृत्यु भी हो सकती है । डॉ. अभिषेक सिंघई ने कहा कि 2016 में भारत सरकार द्वारा नेशनल फ्रेमवर्क फॉर मलेरिया एलिमिनेशन जारी किया गया है। इसके अंतर्गत मलेरिया प्रकरणों के आधार पर एनुअल पैरासाइटिक इनसिडेंस के अनुसार कैटिगरी 0,1,2 एवं 3 में श्रेणीबद्ध किया गया है । जिसके अंतर्गत मलेरिया नियंत्रण हेतु शीघ्र जांच एवं पूर्ण उपचार , घर-घर भ्रमण कर बुखार रोगियों की मलेरिया जांच के लिए सर्विलेंस, कीटनाशक युक्त मच्छरदानी का वितरण, कीटनाशक छिड़काव, लार्वा नियंत्रण हेतु गतिविधियां, प्रशिक्षण एवं सपोर्टिव सुपरविजन किया जा रहा है।

बरकतउल्ला विवि में लैंगिक संवेदीकरण कार्यक्रम में दिया जागरुकता का संदेश

ARTMENT OF
N'S STUDIES
UNIVERSITY, BH

भोपाल,देशबन्धु। बरकतउल्ला विश्वविद्यालय भोपाल के महिला अध्ययन विभाग द्वारा बुधवार को लैंगिक संवेदीकरण कार्यक्रम और नारी शक्ति एवं हिंसा के खिलाफ महिलाओं के साथ विषय पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम पीएम. उषा गतिविधियों के अंतर्गत विद्यार्थियों में लैंगिक समानता और संवेदनशीलता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कुलगुरु प्रो. एस. के. जैन ने भारतीय ज्ञान परंपरा में लैंगिक समानता के महत्व पर जोर दिया और युवाओं के बीच लैंगिक संवेदीकरण की आवश्यकता को रेखांकित किया। महिला अध्ययन विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. रुचि घोष दस्तीदार ने कार्यशाला के उद्देश्य को साझा करते हुए कहा कि लैंगिक रूढ़िवादिता और पूर्वाग्रहों को तोड़कर एक समावेशी समाज की दिशा में आगे बढ़ना आवश्यक है। इस कार्यक्रम में विषय विशेषज्ञ के रूप में सखी वन स्टॉप सेंटर और एक्शन एंड एसोसिएशन भोपाल की जेंडर लीड सौम्या सक्सेना और मनोवैज्ञानिक डॉ. अनिंदिता रॉय ने लैंगिक मुद्दों, मानसिक स्वास्थ्य और संवेदीकरण पर सत्र लिए। कार्यक्रम के दौरान नारी शक्ति और हिंसा के खिलाफ महिलाओं के समर्थन में नुक्कड़ नाटक भी प्रस्तुत किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। महिला अध्ययन विभाग की डॉ. जाया फूकन ने कार्यक्रम का संचालन और समन्वयन किया। साथ ही विभाग द्वारा महिला अध्ययन पर संचालित पाठ्यक्रम और गतिविधियों पर भी प्रकाश डाला। इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के विद्यार्थी और शिक्षक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे, जिन्होंने लैंगिक समानता और समाज में महिला अधिकारों के विषय पर अपने विचार साझा किए।

राजस्व प्रकरणों के निराकरण में भोपाल की प्रगति अच्छी: संभाग आयुक्त

जिले के कार्यों की समीक्षा की

भोपाल,देशबन्धु। संभाग आयुक्त संजीव सिंह ने कहा है कि राजस्व प्रकरणों के निराकरण में भोपाल जिले ने अच्छी प्रगति दर्ज की है, गति को बनाए रखें। राजस्व अधिकारी राजस्व प्रकरणों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करें। सभी अपने-अपने क्षेत्र के पटवारियों की बैठक लेकर उन्हें निर्देशित करें। जो अच्छा कार्य करेंगे, उन्हें पुरस्कृत किया जाएगा तथा जो कार्य में लापरवाही बरतेंगे, उन्हें दंडित किया जाएगा। श्री सिंह आज भोपाल जिले के राजस्व अधिकारियों की बैठक ले रहे थे।

संभाग आयुक्त ने समीक्षा में पाया कि भोपाल जिले में राजस्व प्रकरणों के निराकरण में तेजी आई है। नामांतरण प्रकरणों का 86 प्रतिशत बटवारा प्रकरणों का 88 प्रतिशत तथा सीमांकन के प्रकरणों का 88 प्रतिशत निराकरण कर दिया गया है। धारणाधिकार के पंजीकृत 10 हजार 978 प्रकरणों में से 7 हजार 856 प्रकरणों का निराकरण कर दिया गया है। अन्य प्रकरणों के निराकरण में भी अच्छी प्रगति दर्ज की गई है। संभाग आयुक्त ने शेष प्रकरणों के भी त्वरित निराकरण के निर्देश दिए।

बैठक में संभाग आयुक्त द्वारा राजस्व अधिकारी न्यायालय वार राजस्व प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा की गई। उन्होंने निर्देश दिए कि राजस्व अधिकारी प्रतिदिन अपने न्यायालय के में लंबित प्रकरणों की मॉनिटरिंग करें। यह भी देखें की कोई प्रकरण पेशी से क्यों गिरा है। धारणाधिकार एवं स्वामित्व योजना के प्रकरणों का भी त्वरित निराकरण किया जाए। भू-अर्जन के प्रकरणों में समय अवधि का विशेष ध्यान रखा जाए। इनके निराकरण में बिल्कुल भी विलंब नहीं होना चाहिए। संभाग आयुक्त ने निर्देश दिए कि सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों को गंभीरता से लें और उनका तत्परता के साथ समुचित समाधान किया जाए। समीक्षा में पाया गया कि सी.एम. हेल्पलाइन के प्रकरणों के निराकरण में जिले की रैंकिंग पहले से बेहतर हुई है।

बैठक में बताया गया कि राजस्व महाअभियान- तीन, 15 नवंबर से प्रारंभ हुआ है जो 15 दिसंबर तक चलेगा। अभियान के अंतर्गत प्रमुख रूप से नामांतरण, बटवारा, अभिलेख दुरुस्ती, सीमांकन, परंपरागत रास्तों का चिन्हांकन, नक्शे में बटांकन, आधार से खसरे की लिंकिंग, फार्मर रजिस्ट्री, पीएम किसान योजना तथा स्वामित्व योजना के प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा। बैठक में कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह, उपायुक्त राजस्व श्रीमती किरण गुप्ता एवं सभी संबंधित राजस्व अधिकारी उपस्थित थे।

लायंस क्लब ने कराई पीस पोस्टर प्रतियोगिता

भोपाल,देशबन्धु। लायंस क्लब भोपाल न्यू लेक सिटी द्वारा पीस पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन आज शांति सरोवर हाई स्कूल, सतनामी नगर सोनागिरी में किया गया। यह प्रतियोगिता लायंस इंटरनेशनल की एक महत्वपूर्ण गतिविधि है, जो वैश्विक स्तर पर आयोजित की जाती है। इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष एमजीएफ लायन आबिद बेग ने बताया कि समाज के निचले तबके तक इस महत्वपूर्ण संदेश को पहुंचाने के लिए सतनामी नगर सोनागिरी स्थित स्कूल का चयन किया गया था। प्रतियोगिता में सौ से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, जिनमें विभिन्न आयु वर्ग के छात्र-छात्राओं ने अपने पोस्टरों के माध्यम से शांति और सौहार्द का संदेश दिया। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को लायंस क्लब के पदाधिकारियों, स्कूल प्रबंधन और उपस्थित शिक्षकों द्वारा लायंस इंटरनेशनल से प्राप्त प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागियों के चयनित पीस पोस्टर को लायंस इंटरनेशनल द्वारा आगामी स्तर की प्रतियोगिताओं में भेजा जाएगा। इस अवसर पर लायंस क्लब भोपाल न्यू लेक सिटी के पदाधिकारी एमजेएफ लायन आबिद बेग, लायंस सुदीप जायसवाल, एमजेएफ लायन महेंद्र मिश्रा, लायन आलोक नाथ के साथ-साथ स्कूल के प्राचार्य वीके त्रिपाठी और अन्य शिक्षक भी उपस्थित रहे।

सामाजिक जिम्मेदारियां भी निभा रहा भोजपाल मेला

मेला परिसर में आयोजित शिविर में लोगों ने किया रक्तदान

भोपाल,देशबन्धु। राजधानी के भेल दशहरा मैदान पर चल रहा भोजपाल महोत्सव मेला व्यापारिक और मानोरंजन के साथ सामाजिक जिम्मेदारियां भी निभा रहा है।

इसके तहत बुधवार को मेला परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शाम 5 बजे से रात 8 बजे तक आयोजित रक्तदान शिविर में मेला समिति के पदाधिकारी, कार्यकर्ताओं सहित मेला घूमने आए शहर के नागरिकों ने रक्तदान किया। लोगों ने मेला समिति द्वारा किए जा रहे इस कार्य की सराहना करते हुए कहा कि यह मेला सिर्फ व्यपारिक केंद्र ही नहीं, बल्कि मनोरंजन के साथ लोगों को घर परिवार जैसा एहसास कर रहा है। रक्तदान शिविर में अध्यक्ष सुनील यादव, संयोजक विकास विरानी, महामंत्री हरीश कुमार राम, उपाध्यक्ष वीरेंद्र तिवारी, सुनील शाह, ज़ाहिद खान, महेंद्र नामदेव, अखिलेश नगर, मधु भवनानी, केश कुमार साह, विनय सिंह, चंदन वर्मा, सहित अन्य पदाधिकारियों ने भी सहयोग किया।

मेला अध्यक्ष सुनील यादव ने बताया कि मेले में बच्चों, बुजुर्गों, महिलाओं और युवाओं के लिए विभिन्न प्रकार के मनोरंजक और सांस्कृतिक आयोजन किए जा रहे हैं। द ग्रेट जैमिनी सर्कस दिन में तीन शो कर रहा है। सर्कस देखने बड़ी संख्या में परिवार के साथ शहरवासी पहुंच रहे हैं। भीड़ होने के कारण शुक्रवार से रविवार तक लोगों को अपनी बारी का इंतजार करना पड़ रहा है। सर्कस के कलाकार एक से बढ़कर एक हैरत अंगेज करतब दिखा रहे हैं। मेले में लगाए गए जंगलबुक शो में बच्चे नदी, पहाड़, झरना के साथ मोंगली और उसके दोस्तों को देख कर काफी खुश हुए। बच्चों के साथ परिवार के लोग भी मनोरंजन करते रहे। वहीं मेला में रफ्तार की दुनिया का देश का सबसे बड़ा झूला रोलर कोस्टर, टॉवर, रेंजर, ऑक्टोपस, ब्रेक डांस और चांद तारा रोमांचं भर रहे हैं।

RUMS रीवा अल्ट्रा मेगा सोलर लिमिटेड
भोपाल (म.प्र.)

आवश्यक सूचना

उच्च विभव बिजली की नई लाइन से ''सावधान''

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि रीवा अल्ट्रा मेगा सोलर लिमिटेड (RUMSL) मध्यप्रदेश उर्जा विकास निगम लिमिटेड (MPUVNL) और सोलर एनर्जी कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया (SECI) की एक संयुक्त उद्यम कंपनी है। RUMSL द्वारा निर्माणाधीन 220 के.वी. सिंगल सर्किट- 220 के.वी. बड़ी (PSS Unit-3) से 400/220 उपकेंद्र कवई विद्युत ट्रांसमिशन लाइन का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है| उक्त पारेषण लाइन को दिनांक 30 नवम्बर, 2024 या उसके बाद कभी भी किसी दिन व किसी भी समय उच्च विभव (2,20,000 वोल्ट) पर आवेशित किया जाएगा।

उक्त पारेषण लाइन मध्यप्रदेश के नीमच जिले के सिंगोली तहसील के निम्नलिखित ग्रामों से होकर गुजर रही है :-

क्रम संख्या	गाँव के नाम	तहसील
1	बड़ी, चकसोदिझार, कवई, जीवापुरा विरान	सिंगोली

सुरक्षा की दृष्टि से एवं भारतीय विद्युत अधिनियम -2003 की धारा (68) उपधारा (5) के अनुसार उपरोक्त पारेषण लाइन के नजदीक कोई वृक्ष लगाना, निर्माण करना अथवा किसी भी अन्य प्रकार की वस्तु की स्थापना करना, जिससे बिजली लाइन के प्रचालन एवं अनुरक्षण में व्यवधान उत्पन्न हो, प्रतिबंधित है। लाइन के नजदीक ऐसे किसी भी वृक्ष का रोपण, जिसकी भविष्य में ऊंचाई या शाखायें उपरोक्त नियम का उल्लंघन करती हो, प्रतिबंधित है। लाइन के नीचे किसी भी प्रकार का ज्वलनशील पदार्थ जमा करना, आग जलाना, ऊचें पाईप या खम्भे का ट्रांसपोर्टेसन करना, ईंट का भट्ठा स्थापित करना वर्जित है। टावर पर चढ़ना, टावर की नींव के पास खुदाई करना पूर्णतया प्रतिबंधित है। भारतीय विद्युत अधिनियम-2003 तथा नियम -1956 के अंतर्गत सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त लाइन के टावर पर न चढ़े तथा विद्युत तारों से उचित दूरी बनाये रखें अन्यथा जान माल की क्षति हो सकती है। इस चेतावनी की अवहेलना करने पर किसी प्रकार की जान माल की क्षति होती है तो उसके लिए रीवा अल्ट्रा मेगा सोलर लिमिटेड (RUMSL) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी तथा दुर्घटना होने पर उल्लंघनकर्ता स्वयं उत्तरदायी होंगे। पारेषण लाइन के सुचारु संचालन में बाधा उत्पन्न करने के कारण उल्लंघनकर्ता के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की जा सकती है।

म.प्र. माध्यम/117437/2024 कार्यपालक अभियंता

देशबन्धु

भोपाल, गुरूवार 21 नवम्बर 2024

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

महाराष्ट्र : चुनाव जीतने भाजपा की छटपटाहट

महाराष्ट्र विधानसभा का चुनाव जीतने के लिये भारतीय जनता पार्टी की बेताबी का आलम मतदान के पहले के दो दिनों में देखने को मिला। सोमवार की रात चुनाव प्रचार करते हुए पूर्व गृह मंत्री अनिल देशमुख पर बड़ा हमला हुआ जिसमें वे जख्मी हो गये, वहीं भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े को मुम्बई के निकटस्थ एक उपनगर में नोट बांटते हुए पकड़ा गया। देशमुख राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार गुट) के नेता हैं जिनके पुत्र सलिल काटोल विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे हैं। नरखेड़ में प्रचार कर अनिल देशमुख नागपुर लौट रहे थे तभी उनकी कार पर पत्थरों से हमला हुआ। उनके सिर पर चोटें आईं। उन्हें पहले काटोल के शासकीय अस्पताल ले जाया गया तत्पश्चात उनकी चोटों को देखते हुए एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। 4 अज्ञात लोगों के खिलाफ एफआरआई दर्ज की गयी है, तो वहीं तावड़े के विरूद्ध चुनाव आयोग ने मामला दर्ज करने का आदेश दिया है। तावड़े महाराष्ट्र के शिक्षा मंत्री रह चुके हैं।

बुधवार को प्रदेश की सभी 288 सीटों के लिये हुआ मतदान किस माहौल में सम्पन्न हुआ इसका अंदाजा तो लग ही गया, यह भी साफ है कि महाराष्ट्र की सत्ता किसी भी परिस्थिति में हाथ से न जाने देने के लिये भाजपा आमादा है। यहां भाजपा, शिवसेना (एकनाथ शिंदे गुट) और एनसीपी (अजित पवार गुट) नेशनल डेमोक्रेटिक एलांयस (एनडीए) के तहत मैदान में हैं। उसके खिलाफ महाविकास आघाड़ी के नाम से कांग्रेस, उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना एवं एनसीपी का शरद पवार धड़ा मिलकर चुनाव लड़ रहे हैं। एनडीए के भीतर चल रहे मनमुटाव और मतभेदों के चलते वह कमजोर पिच पर खड़ी है तो दूसरी ओर महाविकास आघाड़ी (एमवीए) तमाम विपरीत परिस्थितियों तथा दुश्वारियों के बीच भी एकजुट है जिसके कारण सत्ता हाथ में होने के बाद भी एनडीए को चुनाव जीतने के लिये तमाम हथकण्डे अपनाने पड़ रहे हैं। देशमुख पर किये गये हमले के आरोपियों का अभी खुलासा नहीं हुआ है लेकिन देशमुख एवं उनकी पार्टी का विश्वास है कि पत्थर भाजपा के लोगों ने ही चलाये।

उधर विनोद तावड़े का किस्सा भी दिलचस्प मोड़ ले रहा है। राजनीतिक गलियारों में बात फैल चुकी है कि उनके द्वारा ठाणे जिले के नालासोपारा स्थित विवांत होटल में नोट बांटने की गुप्त सूचना खुद भाजपाइयों ने विरोधी गुट को पहुंचाई। यह इलाका बाहुबली और चार मर्तबा विधायक रहे हितेन्द्र ठाकुर का है। इस बार उनका पुत्र क्षितिज बहुजन विकास आघाड़ी की टिकट पर लड़ रहा है। मतदान की पूर्व संध्या यानी मंगलवार की शाम को तावड़े द्वारा किये जा रहे धन वितरण के दौरान बीवीए के सैकड़ों कार्यकर्ता पहुंच गये। उन्होंने वहां रखे काले बैग व नोट भरे लिफाफे दिखाये तथा बंडलों को मुट्ठियों में लहराते हुए फोटो खिंचवाए और तावड़े से सवाल-जवाब किये। पैसे बांटने का काम इतना पूर्व नियोजित था कि कुछ समय के लिये वहां का सीसीटीवी कैमरा बन्द करा दिया गया था। क्षितिज ने दावा किया है कि उनके हाथ में वह डायरी लग गयी है जिसमें तावड़े द्वारा बांटे जा रहे रुपयों का हिसाब है। हालांकि तावड़े अपने स्थानीय उम्मीदवार राजन नाईक के साथ सफाई देते रहे और चुनाव आयोग की ओर से निष्पक्ष जांच की मांग करते रहे लेकिन दोनों के खिलाफ मामले दर्ज हो ही गये।

मंगलवार की रात भर में तावड़े के इस धन वितरण की क्लिप्स और विस्तृत वीडियो महाराष्ट्र भर में फैल गये। देखना यह है कि इसका असर मतदान पर क्या हुआ। 23 नवम्बर को ही पता चल पायेगा जब सभी नतीजे निकलेंगे। जो भी हो, इसके कारण विपक्ष को एक बड़ा मुद्दा मिल गया। राहुल गांधी ने इस सन्दर्भ में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की खिंचाई की। उन्होंने पूछा कि 'अदानी द्वारा टेंपो में भर-भरकर महाराष्ट्र में नोट भेजे जाने की पीएम कब जांच कराएंगे?' कहा तो यहां तक जा रहा है कि महाराष्ट्र में वोटरों को लुभाने के लिये जमकर पैसा बंटा है। तावड़े से बरामद 5 करोड़ रुपये तो झलक मात्र है। राज्य में आम चर्चा है कि एक-एक वोट के लिये 10-10 हजार रुपये तक बांटे गये हैं। तावड़े द्वारा किये गये धन वितरण के मामले तथा देशमुख पर हुए हमले को लोग भाजपा की सत्ता की अकुलाहट से जोड़कर देख रहे हैं।

भाजपा द्वारा अपनाये जा रहे हथकण्डों से यह आशंका भी गहरानी स्वाभाविक है कि यदि एनडीए को बहुमत नहीं मिलता और एमवीए अपनी सरकार बनाने में विलम्ब करती है तो केन्द्र राज्यपाल के जरिये यहां वैसा ही खेला कर सकती है जिस तरह तत्कालीन राज्यपाल भगत सिंह कोशियारी ने अपनी संवैधानिक शक्तियों का दुरुपयोग करते हुए एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में सरकार बनवा दी थी। इसके लिये भाजपा ने शिवसेना तथा एनसीपी को तोड़ा था। उल्लेखनीय है कि सुप्रीम कोर्ट का आदेश है कि 26 नवम्बर तक प्रदेश की नयी सरकार का गठन हो जाना चाहिये अन्यथा वहां राष्ट्रपति शासन लगाने में केन्द्र सरकार देर नहीं करेगी। यह भाजपा की राजनीतिक मोडस आपरेंडी रहेगी कि पहले सत्ता को केन्द्र अपने हाथों में ले तत्पश्चात वहां ऑपरेशन लोटस के जरिये खुद की सरकार बना ली जाये। बुधवार को जेल जा चुके पूर्व आईपीएस अधिकारी ने शरद पवार की पुत्री व सांसद सुप्रिया सुले और कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले पर क्रिप्टोकरेंसी में 235 करोड़ रुपये मूल्य के बिटकाइन की धोखाधड़ी का आरोप लगाया है। माना जा रहा है कि इसके पीछे भाजपा का ही हाथ है। पाटिल के अनुसार इस राशि का उपयोग इस चुनाव में किया गया है। हालांकि इसका खंडन खुद शरद पवार ने यह कहकर किया है कि सत्ता के लिये भाजपा किसी भी हद तक गिर सकती है। अब सच्चाई तो जांच के बाद सामने आएगी, लेकिन चुनाव से पहले इस तरह के आरोप और खुलासे भाजपा की छटपटाहट को दर्शा रहे हैं।

फेक नैरेटिव को लेकर मोदी की चिंता

दुनियादारी

■ सर्वमित्रा सुरजन

मणिपुर एक बार फिर हिंसा की चपेट में है। राज्य के कई हिस्सों में कर्फ्यू लगा है, जरूरी सामान खरीदने के लिए लोगों को कुछ घंटों की राहत दी जा रही है, लेकिन सामान्य जनजीवन अस्त-व्यस्त ही है। ऐसा होना स्वाभाविक भी है। जब कोई राज्य लगभग डेढ़ साल से हिंसाग्रस्त रहे, जब राज्य के मुख्यमंत्री अपनी जिम्मेदारियों को पूरा न कर पाएं, जब देश के प्रधानमंत्री को आम जनता की सुध लेने की फिक्र न हो, तब जनता किस तरह से आराम से रह सकती है। सिर पर हमेशा हिंसा की तलवार लटके रहने पर कितना मानसिक तनाव होता होगा इसकी तो कल्पना हम कर भी नहीं सकते। आश्चर्य होता है यह देखकर कि प्रधानमंत्री मोदी ने कितने आराम से खुद को मणिपुर से दूर कर लिया है। अभी जब इस पूर्वोत्तर राज्य में हालात फिर बिगड़े तो अमित शाह ने अपने चुनावी दौरे का थोड़ा हिस्सा रद्द किया, हालांकि पिछले महीने मणिपुर पर गृहमंत्रालय द्वारा बुलाई गई बैठक में वे खुद ही शामिल नहीं हुए थे, खैर अमित शाह अब राज्य की कानून व्यवस्था का जायजा ले रहे हैं, उधर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मणिपुर मुद्दे पर दखल देने की मांग की है। मंगलवार को लिखे दो पेज के पत्र में उन्होंने आरोप लगाया कि 18 महीने में केंद्र और राज्य की सरकार मणिपुर में शांति स्थापित करने में असफल रही है। आप संविधान की संरक्षक हैं, इसलिए दखल दें। मणिपुर में भाजपा की सहयोगी एनपीपी ने समर्थन वापस ले लिया है और सोमवार को एनडीए की एक बैठक में 18 विधायक ही गायब रहे। कहने का आशय यह कि अपने दायरे में रहकर कमोबेश सभी राजनेता अपने मंतव्य को सामने रख रहे हैं या कार्य कर रहे हैं। लेकिन नरेन्द्र मोदी ऐसा नहीं कर रहे तो सवाल उठता है कि आखिर मोदी चाहते क्या हैं। उनके अपने ही देश में एक राज्य हिंसा में झुलसा हुआ है और उनके मुंह से उफ तक नहीं निकल रही। क्या मोदी की 56 इंची छाती के भीतर पत्थर का दिल है, जिसमें कोई स्पंदन ही नहीं होता।

अभी जब विधानसभा चुनावों के साथ-साथ मणिपुर के हालात पर भी देश का ध्यान जा रहा है, तब ये देखना दिलचस्प है कि मोदी का ध्यान किस तरफ है। 17 नवंबर को श्री मोदी ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल से आलोक भट्ट नाम के एक यूजर का एक्स पोस्ट रीपोस्ट किया है। इस पोस्ट में गोधरा कांड पर बनी फिल्म द साबरमती रिपोर्ट का ट्रेलर भी दिखाया गया है। नरेन्द्र मोदी ने लिखा है: ''ये अच्छी बात है कि ये सच सामने आ रहा है और वो भी एक ऐसे तरीके से जिससे आम लोग इसे देख सकें। एक फेक नैरेटिव कुछ समय तक ही चल सकता है। आखिरकार, फैक्ट्स हमेशा सामने आते हैं!'' गौरतलब है कि आलोक भट्ट ने फिल्म देखने की 4 वजहें बताई गई हैं। इन वजहों के बारे में बताते हुए उन्होंने लिखा है कि ये फिल्म उन 59 लोगों के लिए सही मायने में श्रद्धांजलि है जिन्होंने गोधरा कांड में अपनी जान गंवाई थी। आश्चर्य नहीं कि प्रधानमंत्री के इस ट्वीट के बारे में एक विज्ञप्ति बाकायदा प्रधानमंत्री कार्यालय से जारी हुई है। प्रसंगवश बता दें कि आलोक भट्ट के एक्स हैंडल पर भाजपा के झारखंड चुनाव के लिए बनाए गए उस वीडियो पर एक पोस्ट है, जिसे चुनाव आयोग ने हटाने के निर्देश दिए हैं। इस वीडियो में एक व्यक्ति के घर पर जबरन कई सारे लोगों को घुसते हुए दिखाया गया है जो एक खास समुदाय के हैं।

खैर फिल्म द साबरमती रिपोर्ट और नरेन्द्र मोदी के ट्वीट पर लौटते हैं। पाठकों को ध्यान होगा कि कर्नाटक चुनाव में द केरल स्टोरी का प्रचार प्रधानमंत्री ने किया था। उससे पहले द कश्मीर फाइल्स की मार्केटिंग प्रधानमंत्री ने की थी। श्री मोदी की अभिनय क्षमता के बहुत से लोग कायल हैं। भाषण देते-देते गले का अचानक रुंध जाना, किसी के कंधे पर हाथ रखकर अपनी संवेदना जताना, क्रोध, वात्सल्य, भक्ति आदि रसों का विभिन्न मौकों पर इस्तेमाल करना उन्हें अच्छे से आता है। इसलिए फिल्मों के लिए उनका रुझान चौंकाता नहीं है। लेकिन यहां बात वक्त के तकाजे की है। जैसे परीक्षा सिर पर हो और परीक्षार्थी फिल्में देखने, मनोरंजन या सैर-सपाटे में वक्त बिताए तो फिर परीक्षा को लेकर उसकी गंभीरता पर सवाल उठेंगे, साथ ही परिणाम को लेकर भी चिंता जाहिर होगी। ये भी मुमकिन है कि परीक्षा उतीर्ण करने के लिए भ्रष्ट तरीकों का सहारा लिया जाए। अब यही चिंता प्रधानमंत्री के रवैये से भी हो रही है। क्या कारण है कि मणिपुर पर प्रधानमंत्री ट्वीट नहीं करते, बयान नहीं देते, वहां के लोगों को हौसला नहीं बंधाते कि हालात सामान्य करने के लिए वे काम कर रहे हैं, मगर देश के मुश्किल वक्त में फिल्म के प्रचार में जुट जाते हैं। क्या चुनाव प्रचार से नरेन्द्र मोदी का मन नहीं भरता, जो वो वक्त निकाल कर फिल्म का प्रचार भी करते हैं। हालांकि आजकल इसके लिए बाकायदा प्रचार एजेंसियां काम करती हैं जिनके कहने पर फिल्म के कलाकार भी एक शहर से दूसरे शहर प्रचार के लिए के हैं। सोचने वाली बात ये है कि श्री मोदी आखिर किस एजेंसी या किन लोगों के कहने पर प्रचार करते हैं। अपने प्रचार ट्वीट में नरेन्द्र मोदी ने फेक नैरेटिव यानी झूठे कथानक गढ़ने का भी मुद्दा उठाया है और इस बात पर संतोष जाहिर किया है कि तथ्य हमेशा सामने आते हैं। तो क्या द साबरमती रिपोर्ट, फिल्म को कानून की कसौटी पर परखा गया है, क्या नरेन्द्र मोदी इसे ही सौ प्रतिशत सच कह रहे हैं, क्या फिल्म में जरा भी कल्पना का पुट नहीं है, जब नरेन्द्र मोदी प्रचार कर ही रहे हैं तो इन्हें सवालों के जवाब भी पता ही होंगे।

वैसे पाठकों को याद दिला दें कि गोधरा कांड पर ही बीबीसी ने भी एक वृत्तचित्र का निर्माण किया था, इंडिया : द मोदी क्वेश्चन। 2023 में दो हिस्सों में बने इस वृत्तचित्र में घटना से जुड़े और प्रभावित हुए कई लोगों की बातचीत दिखाई गई, लेकिन भारत में इस पर प्रतिबंध लगाया गया और अब मामला सर्वोच्च न्यायालय के विचाराधीन है। जाहिर है इस वृतचित्र में जो कुछ दिखाया गया है वह श्री मोदी की निगाह में फेक नैरेटिव रहा होगा और इसलिए उसे प्रतिबंधित किया गया। हालांकि यह देखकर इत्मीनान हुआ कि अब प्रधानमंत्री को भी कथानकों के गढ़ने और दुष्प्रचार के लिए झूठी खबरों पर चिंता हो रही है। जब साबरमती रिपोर्ट पर उन्होंने अपनी राय दी है तो उन्हें बिल्किस बानो के साथ की गई नाइंसाफी पर भी अपने विचार रखने चाहिए। यह भी बताना चाहिए कि बाबरी मस्जिद तोड़ने को जब अदालत ने अपराध बताया है तो उसी जमीन पर राम मंदिर बनाना न्याय है, फेक नैरेटिव है या आधा गिलास पानी और आधा हवा से भरे होने का पॉजिटिव एटीड्यूड है। झूठे कथानक की बात निकली है तो एक दिलचस्प मिसाल गुजरात की पूर्व मुख्यमंत्री और अब उत्तरप्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने पेश की है। लखनऊ में ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के नौवें दीक्षांत समारोह में आनंदीबेन पटेल ने अपने भाषण में दावा किया कि वैदिक युग के ऋषि भारद्वाज ने विमान के विचार की कल्पना की थी लेकिन इसके आविष्कार का श्रेय राइट ब्रदर्स को गया। आनंदीबेन ने ये भी कहा कि रावण का छोटा भाई कुंभकर्ण छह महीने सोता नहीं था, बल्कि वो मशीनें बनाता था और इसकी जानकारी बाहर न जाए, इसलिए रावण के आदेश पर छह महीने अपने कक्ष से बाहर नहीं निकलता था। आनंदीबेन ने कुंभकर्ण को 'टेक्नोक्रेट' कहा। अब संघ, भाजपा और सनातन धर्म के तमाम रक्षकों के सामने उलझाने वाला सवाल यह है कि टेक्नोक्रेट कुंभकर्ण को हर साल दशहरे पर रावण के साथ जलाने की व्याख्या कैसे की जाए। क्या यह माना जाए कि इस तरह हम अपनी वैज्ञानिक चेतना और सोच को दहन करते जा रहे हैं। क्या यही वजह है कि प्रधानमंत्री गणेशजी की प्लास्टिक सर्जरी का दावा करें और आनंदीबेन पटेल राइट ब्रदर्स को हवाई जहाज बनाने और उड़ाने का श्रेय दिए जाने पर सवाल उठाएं।

खैर, फेक नैरेटिव अभी देश से इतनी जल्दी खत्म होने वाले, बल्कि अब तो उनका विस्तार हो रहा है। जिहाद शब्द के प्रायोगिक बाजार में नया शब्द रेल जिहाद आया है, जो रेल दुर्घटनाओं के लिए जिम्मेदार बताया जा रहा है। तिरुपति में प्रसाद के लड्डुओं की गुणवत्ता वापस लौट जाए, इसके लिए सभी गैर हिंदू कर्मचारियों को नौकरी से हटाया जा रहा है। ऐसी मिसालें अभी और आएंगी। फिलहाल नरेन्द्र मोदी के अगले ट्वीट की प्रतीक्षा कीजिए।

> **फेक नैरेटिव अभी देश से इतनी जल्दी खत्म होने वाले, बल्कि अब तो उनका विस्तार हो रहा है। जिहाद शब्द के प्रायोगिक बाजार में नया शब्द रेल जिहाद आया है, जो रेल दुर्घटनाओं के लिए जिम्मेदार बताया जा रहा है। तिरुपति में प्रसाद के लड्डुओं की गुणवत्ता वापस लौट जाए, इसके लिए सभी गैर हिंदू कर्मचारियों को नौकरी से हटाया जा रहा है। ऐसी मिसालें अभी और आएंगी। फिलहाल नरेन्द्र मोदी के अगले ट्वीट की प्रतीक्षा कीजिए।**

धधक रहा है मणिपुर... बुझाए कौन?

■ राधा रमण

मणिपुर में हिसा की मौजूदा घटना कोई नया नहीं है। पिछले डेढ़ साल (566 दिन) से यह प्रदेश हिंसा की लपटों में धधक रहा है और केंद्र तथा राज्य की सरकार मौन ओढ़े हुए हैं। सरकारी आँकड़ों पर भरोसा करें तो छोटे से उस राज्य में हिंसा की घटनाओं में अब तक 220 लोगों की जान जा चुकी है, जबकि हजारों लोग बेघर हो चुके हैं। कई महिलाओं की आबरू लूटी गई और हजारों करोड़ की संपत्ति आग के हवाले कर दी गई। बता देना जरूरी है कि मणिपुर में भाजपा की चुनी हुई सरकार है लेकिन वर्तमान परिप्रेक्ष्य में सरकार असहाय दिखाई देती है। आम लोगों की कौन कहे मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह के सरकारी आवास और पैतृक घर पर दो बार हमला और आगजनी की घटनाएं हो चुकी हैं। आबादी के लिहाज से देखें तो मणिपुर में मैतेई, कुकी और नगा का वर्चस्व है। राज्य में सर्वाधिक आबादी मैतेई समुदाय की है। उनकी संख्या लगभग 65 फीसदी है, जबकि कुकी और नगा मिलाकर कुल आबादी का 35 फीसदी हैं। समुदायों के बीच टकराव मणिपुर के लिए नया नहीं है। 90 के दशक में मणिपुर में कुकी और नगा समुदाय के बीच संघर्ष हुआ था। तब सैकड़ों लोगों की जान गई थी। बड़ी मुश्किल से तब हिंसा की आग बुझाई जा सकी थी।

वर्तमान में मैतेई और कुकी के बीच संघर्ष छिड़ा है। इसका कारण मैतेई समुदाय की आरक्षण की मांग है। मैतेई काफी दिनों से इसकी मांग कर रहे हैं। चूंकि मणिपुर की पहाड़ियों पर बसने वाले कुकी और नगा समुदाय के लोग अनुसूचित जनजातियों की सूची में शामिल हैं और उन्हें इसका लाभ भी मिलता रहा है लेकिन मैतेई इस लाभ से वंचित हैं। यही वजह है कि मैतेई समुदाय के लोगों ने आरक्षण की मांग को तूल दिया। जबकि कुकी और नगा समुदाय के लोगों का कहना है कि मैतेई समुदाय के लोगों की पहले से विकास योजनाओं में अधिक भागीदारी रही है और उन्हें इसका लाभ मिलता रहा है। इसलिए उनके लिए अलग से आरक्षण की मांग बेमानी है। अगर मैतेई समुदाय को आरक्षण का लाभ मिला तो वे राज्य के संसाधनों के साथ-साथ सरकारी नौकरियों पर भी काबिज हो जाएंगे। ऐसे में कुकी समुदाय के लोगों के समक्ष भुखमरी की स्थिति हो जाएगी। इस विवाद ने तूल उस समय पकड़ लिया जब मणिपुर हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को यह निर्देश दिया कि वह मैतेई समुदाय को आरक्षण के दायरे में लाने के लिए केंद्र सरकार को प्रस्ताव भेजे। इससे पहले कि राज्य सरकार केंद्र को मैतेई समुदाय को आरक्षण के दायरे में लाने का प्रस्ताव भेजती कुकी समुदाय के लोग सड़कों पर उतर गए। मैतेई समुदाय के लोगों ने जब इसका विरोध किया तो सड़कों पर हिंसा का रौरव तांडव शुरू हो गया।

इसके अलावा मणिपुर में हिंसा की दूसरी वजह का वह कानून है जिसमें कहा गया है कि मैतेई समुदाय के वह लोग जो घाटी में बसे हैं वह पहाड़ी इलाकों में न तो घर बना सकते हैं और न ही जमीन खरीद सकते हैं। इसके उलट कुकी और नगा समुदाय के लोग घाटी में जमीन खरीद सकते हैं और घर बनाकर बस भी सकते हैं। मैतेई समुदाय के लोग इसका पहले से विरोध करते रहे हैं। वह एक राज्य एक कानून के तहत पहाड़ियों पर जमीन की खरीद का अधिकार चाहते रहे हैं।

मणिपुर की उस जघन्य घटना से पूरा देश मर्माहत और शर्मसार है जिसे पिछले साल 4 मई को अंजाम दिया गया था। उस घटना में दो महिलाओं को कपड़े उतारकर सड़कों पर घुमाया गया, सरेआम पीटा गया और गैंगरेप किया गया था। हैरत की बात यह कि इंसानियत को शर्मसार करने वाले उस घटना के दरिंदों पर कार्रवाई करने, पीड़ितों को इंसाफ दिलाने की बजाय सरकारी मशीनरी ने उस घटना को ही छुपा लिया।

तब से लेकर आज तक मणिपुर लगातार सुलगता रहा है। बीच-बीच में हिंसक झड़पों की रिपोर्ट आती रहती है। राज्य सरकार मूक दर्शक बनी हुई है। बल्कि यह कहने में गुरेज नहीं होना चाहिए कि मणिपुर के हालात पर पर्दा डाला जाता रहा है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने संसद के भीतर और बाहर कई दफा प्रधानमंत्री से मणिपुर मामले में हस्तक्षेप करने और वक्तव्य देने की मांग की। राहुल मणिपुर के शरणार्थी कैंप भी गए और उसमें रह रहे लोगों से बातचीत की।

मणिपुर में हिंसा की ताजा वारदात 11 नवंबर को सुरक्षाबलों से मुठभेड़ में 10 बंदूकधारी उग्रवादियों के मारे जाने के बाद हुई। कुकी समुदाय ने मारे गए लोगों को विलेज गार्ड बताया और मुठभेड़ के जिम्मेदार सुरक्षाबलों पर कार्रवाई की मांग की। इसे संयोग कहें या प्रयोग कि उसी दिन जिरीबाम से दो महिलाओं समेत 6 लोगों का अपहरण कर लिया गया। अपहरण का आरोप कुकी उग्रवादियों पर लगाया गया। इसमें एक महिला जो तीन बच्चों की मां थी, सामूहिक दरिंदगी कर उसके शरीर में कीलें ठोंक दी गई और उसके शरीर को आग के हवाले कर दिया गया। इंसानियत को शर्मसार कर देने वाले इस घटना से डॉक्टर भी हैरान हैं।

केंद्र सरकार ने मणिपुर के पांच जिलों इंफाल पूर्व और पश्चिम, थोबल, विष्णुपुर और काकचिंग में अनिश्चितकाल के लिए कर्फ्यू लगा दिया है और सात जिलों में इंटरनेट सेवाएं अस्थाई रूप से स्थगित कर दिया है।

मणिपुर में हिंसा से हरकत में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह महाराष्ट्र का अपना चुनावी दौरा छोड़कर दिल्ली पहुंचे। केंद्र सरकार ने छह थाना क्षेत्रों में सशस्त्र बल विशेष अधिकार अधिनियम (अफस्पा) लागूकर दिया है। इस बीच दोनों समुदाय के लोग सड़कों पर उतर गए हैं। भाजपा के 19 विधायकों ने प्रधानमंत्री कार्यालय और गृह मंत्री को पत्र भेजकर राज्य की एन बीरेन सिंह सरकार को बदलने की मांग की है। नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीपी) ने एन बीरेन सिंह सरकार से समर्थन वापस ले लिया है।

उधर, मणिपुर सरकार ने केंद्रीय गृह मंत्रालय को पत्र भेजकर राज्य से अफस्पा हटाने की मांग की है। देखना जरूरी होगा कि मणिपुर पर केंद्र सरकार आगे क्या कदम उठाती है। फिलहाल तो मणिपुर धधक रहा है और प्रधानमंत्री नाइजीरिया का सर्वोच्च पुरस्कार ग्रहण कर गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं।

> **मणिपुर में हिंसा से हरकत में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह महाराष्ट्र का अपना चुनावी दौरा छोड़कर दिल्ली पहुंचे। केंद्र सरकार ने छह थाना क्षेत्रों में सशस्त्र बल विशेष अधिकार अधिनियम (अफस्पा) लागूकर दिया है। इस बीच दोनों समुदाय के लोग सड़कों पर उतर गए हैं। भाजपा के 19 विधायकों ने प्रधानमंत्री कार्यालय और गृह मंत्री को पत्र भेजकर राज्य की एन बीरेन सिंह सरकार को बदलने की मांग की है। नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीपी) ने एन बीरेन सिंह सरकार से समर्थन वापस ले लिया है।**

ललित सुरजन की कलम से

सम-विषम : सफल प्रयोग, आगे क्या?

प्रदूषण के दैत्य से दिल्लीवासियों को बचाने के लिए अरविंद केजरीवाल को दीर्घकालीन व स्थायी उपायों पर विचार करने की आवश्यकता है। सच तो यह है कि यह समस्या न तो सिर्फ श्री केजरीवाल की है और न सिर्फ दिल्लीवासियों की। भारत सरकार के अलावा विभिन्न राज्यों की सरकारों व सभी पार्टियों को इस बारे में मिल-बैठ कर सोचने की आवश्यकता है। सत्तारूढ़ भाजपा व प्रमुख विपक्ष कांग्रेस पर तो इसका मुख्य दायित्व तो है ही; समस्या के वैज्ञानिक व तकनीकी पक्ष को समझने वाले विशेषज्ञों को भी विचार और निर्णय की प्रक्रिया में शामिल करने से ही आगे का रास्ता निकलेगा। एक उदाहरण दिया जा सकता है। दिल्ली में ही प्रदूषण कम करने के लिए बसों में डीजल की जगह सीएनजी उपयोग करने हेतु सीएसई ने सुप्रीम कोर्ट तक जाकर लड़ाई लड़ी और जीत हासिल की। इसका लाभ लंबे समय तक दिल्ली को मिला। दिल्ली साइंस फोरम जैसी संस्थाएं भी इस दिशा में निरंतर काम कर रही हैं। प्रोफेसर दिनेश मोहन व सुनीता नारायण जैसे विशेषज्ञों की सेवाएं लेना हर तरह से लाभकारी है।

अभी जैसे एक बात उठी कि कार से जितना वायु प्रदूषण होता है उससे कई गुना अधिक सड़कों पर उडने वाली धूल से होता है। बात दुरुस्त है। लेकिन इस बात पर किसी ने गौर नहीं किया कि वाहनों की तेज रफ्तार के कारण सड़क पर जो घर्षण होता है उससे सीमेंट और डामर के जो कण उड़ते हैं वे ही बड़ी सीमा तक धूल में बदल जाते हैं। आशय यह कि यदि सड़कों पर गाडियां कम हैं तो धूल भी उतनी ही कम उड़ेगी। इसे विस्तारपूर्वक समझना हो तो किसी विशेषज्ञ के पास ही जाना होगा। इसी तरह डीजल की बात है। डीजल वाहनों से धुआं भी अधिक उड़ता है और उससे कैंसर का खतरा भी बढ़ता है। यूरोप में डीजल कारों के लिए जो पैमाने लागू हैं वे भारत में नहीं हैं। यूरोपीय मानक हासिल करने के लिए क्या करना पड़ेगा, नीति निर्धारकों को यह बात भी समझना होगी।

(देशबन्धु में 21 जनवरी 2016 को प्रकाशित)

https://lalitsurjan.blogspot.com/2016/01/blog-post_20.html

पावन प्रसंग

असली आस्तिकता

सोमनाथ से 50 किलोमीटर दूर एक गांव में एक ब्राह्मण निवास किया करते थे। वे बड़े ही दयालु और उदार थे। आशुतोष नामक उस ब्राह्मण ने बड़ा कठोर तप किया था। एक दिन शिवरात्रि का महापर्व था। आशुतोष वैसे तो नित्य रुद्राभिषेक करते ही थे, पर शिवरात्रि के दिन उन्होंने त्रिकाल रुद्राभिषेक संपन्न किया। बड़ी श्रद्धा भक्ति से उस दिन उन्होंने भगवान महादेव का ध्यान किया।

उस दिन रात्रि 10 बजे से प्रातः 3 बजे तक आशुतोष भगवान महादेव के ध्यान में ही डूबे रहे। उसके बाद विश्राम करते हुए वे गहरी निद्रा में चले गए। उनकी यह निद्रा भी मानो एक योगनिद्रा के समान ही थी। ध्यानाभ्यास से जब चित्तशुद्धि हो जाती है तब व्यक्ति का सोना-जागना सब ध्यान ही बन जाता है। उसके हर श्वांस के माध्यम से अजपा जप स्वयमेव होने लगता है। योगनिद्रा की उसी अवस्था में आशुतोष ने एक दिव्य स्वप्न देखा। उन्होंने देखा भगवान महादेव कह रहे हैं- 'हे भक्त! तुम्हारी भक्ति से मैं अति प्रसन्न हूं। बोलो, तुम्हें क्या चाहिए?'

भगवान महादेव के उस दिव्य रूप का दर्शन कर आशुतोष आह्लादित व आनंदित हो उठे। उनके नेत्रों से प्रेमाश्रुओं की धारा बहने लगी। उन्होंने आंसुओं से भगवान महादेव के चरण धोए और उन्हें प्रणाम करते हुए बोले- 'भगवन, आपने मुझे अपने दिव्य स्वरूप का दर्शन राया, इससे बढ़कर भला दूसरा सौभाग्य क्या हो सकता है? हे भगवन मैं कभी भी आपको भूलूं नहीं। संसार की कोई भी चीज मुझे आपसे अधिक प्रिय न हो व मैं सदा आपके चरणों का दास बना रहूं, मुझे यही आशीष प्रदान कीजिए।'

भगवान भोलेनाथ भक्त के इस भोलेपन को देख अति प्रसन्न हुए और बोले- 'तुम यदि मेरी सचमुच सेवा करना चाहते हो, तो लोक-कल्याण का कार्य करो। हर जीव में शिव का दर्शन करो। जीवसेवा ही शिवसेवा है-इस सत्य को हमेशा याद रखना और अपने ज्ञान से जन-जन को सच्चाई के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देना।' इतना कहकर भगवान शिव अंतर्ध्यान हो गए और इधर आशुतोष की आंखें खुल गईं। सवेरा होने पर आशुतोष ने सारी बातें अपनी पत्नी ललिता को बताईं। दोनों आनंदित व आह्लादित हुए।

अगले दिन दोनों सोमनाथ भगवान के ज्योतिर्लिंग रूप का उन्होंने दर्शन किया, साथ ही शिव संकल्प भी किया कि उस दिन से सत्प्रवृत्ति संवर्द्धन, दुष्प्रवृत्ति उन्मूलन की पीड़ा निवारण हेतु जनजागरण की शुरुआत करेंगे। आगे चलकर आशुतोष के एक पुत्र व एक पुत्री हुए। दोनों ही बड़े संस्कारवान थे। संस्कार तो मानो उन्हें अपने माता-पिता से विरासत में मिले थे। नित्य जप, तप, ध्यान, सत्संग, पाठ के कारण घर एक मंदिर का रूप ले चुका था। देखते ही देखते उनके गांव के हर घर में यज्ञ, जप, ध्यान, पाठ होने लगे और इस प्रकार पूरे गांव का वातावरण बड़ा ही दिव्य और अलौकिक हो उठा।

गांव के सभी लोग बड़े प्रेम से मिलजुल कर रहते, दुख की घड़ी में सभी एक-दूसरे का सहयोग करते, सामूहिक श्रमदान से गांव को स्वच्छ रखते। धीरे-धीरे पूरे गांव में संस्कारशाला, व्यायामशाला व वाचनालय प्रारंभ हो गए। आशुतोष प्रकृतिप्रेमी होने के साथ-साथ औषधीय पौधों का भी ज्ञान रखते थे, सो उन्होंने गांव के हर घर में औषधीय पौधे ही लगवाए, जैसे तुलसी, नीम, पीपल, आंवला आदि और देखते ही देखते वह गांव आदर्श गांव में तब्दील हो गया।

वास्तव में यही है असली आस्तिकता। जीव मात्र की सेवा ही शिवसेवा है। जो भगवान को सिर्फ मूर्तियों में, मंदिरों, मस्जिदों व गिरजाघरों में देखते हैं उनकी पूजा, चिह्न पूजा मात्र है, पर जो भगवान को कण-कण में, घर-घर में, हर जीवन में देखते व उनकी सेवा करते हैं, उनकी पूजा ही असली पूजा है। हम भी क्यों न जीवसेवा के द्वारा शिवसेवा प्रारंभ कर दें।

अखंड ज्योति

आपके पत्र

सुरक्षा के साथ संवाद भी अत्यंत महत्वपूर्ण

मणिपुर में 565 दिनों से जारी जातीय हिंसा की आंच शासन तक पहुंच गई है। आंदोलनकारियो ने राज्य में जिस तरह मंत्री और विधायकों के घर आग के हवाले किए हैं उससे हालातो की गंभीरता समझी जा सकती है। मुख्यमंत्री हिंसा रोकने में बुरी तरह नाकाम रहे हैं। केंद्र सरकार अतिरिक्त सुरक्षा बल भेज कर हिंसा रोकने का प्रयास तो कर रही है पर बड़ी आवश्यकता संघर्षरत जातीय समुदायों में सामंजस्य बिठाने की है जो विवाद की असली जड़ है। अगर जल्द ही हालात काबू में ना आए तो ही वहां सरकार को संवैधानिक कदम उठाने ही होंगे भले ही राज्य में उसकी सरकार हो।

मणिपुर लगातार अस्थिरता के दौर से गुजर रहा है। कल तक का कुकी-मैतेई जारी संघर्ष अब शासन को भी अपनी चपेट में लेता दिख रहा है। दो दिनों में तीन मंत्रियों सहित नौ विधायकों के घर पर आगजनी और हमले हो चुके हैं। राज्य के हालात बड़े विस्फोटक प्रतीत होते हैं। पुलिस थानों से लूटे हथियार और म्यांमार सीमा से आते शस्त्रों से आंदोलन रक्तरंजित हो चुका है। इस बीच केंद्र सरकार ने बड़ी मात्रा में अर्ध सैनिक बलों की तैनाती करके स्थिति काबू में लाने की कोशिश की है मगर फिर भी हिंसा थमने का नाम नहीं ले रही है। जल्द ही राज्य में 4000 सीआरपीएफ के जवान की तैनाती के साथ ही 24 घंटे ऑल आउट ऑपरेशन शुरू किया जा रहा है। आज के हालातों के मद्देनजर राज्य में जितनी सख्ती से और जल्द कोई कदम उठाया जाए वह कमतर ही होगा क्योंकि आंदोलन लंबे समय से चल रहा है और प्रदर्शनकारी अपने ठिकाने बना चुके हैं ऐसे में इनको ढूंढ-ढूंढ कर कानून की भाषा समझाना कठिन होगा। जैसे भी हो सरकार राज्य को शांति लौटाने के जल्द प्रयास करें ताकि निर्दोष हत्या, आगजनी का सिलसिला थम सके। यदि फिर भी हालात काबू में न आए तो केंद्र सरकार को बेहिचक संवैधानिक अधिकारों का उपयोग करना चाहिए भले ही राज्य में उनकी ही सरकार हो। क्योंकि राजनीतिक स्वार्थ से ऊपर जनता की सुरक्षा और उनकी जान माल की रक्षा अहम है।

अमृतलाल मारू 'रवि' इंदौर मप्र

सार समाचार

पुरानी रंजिश पर भिड़े पड़ोसी

गुना, देशबन्धु। कैंट थानांतर्गत सांई सिटी कॉलोनी में मां-बेटे के साथ पुरानी रंजिश पर पड़ोसी परिवार ने मारपीट कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादिया रामकुमारी पत्नि मनीराम रजक निवासी साई सिटी कालोनी मालपुर रोड ने अपने लडके़ रविन्द्र रजक, गीता कुशवाह के साथ थाने में शिकायत दर्ज कराई कि वह और गीता कुशवाह पड़ोसी हैं। उनके सामने रहने वाला राकेश कलावत व उसकी पत्नि सुशीला, लक्ष्मी बेवजह हम लोगों को गाली गलोच करते रहते हैं। लेकिन हम कुछ नहीं बोलते। गत सुबह राकेश कलावत, राजू सेन ने उसके साथ गाली गलौंच कर डंडे से मारपीट शुरू कर दी। जिससे उनकी आंख से खून निकलने लगा। बीच बचाव करने आए उनके लडके़ साथ भी आरोपियों ने मारपीट की। फिलहाल मामले में पुलिस ने फरियादिया की शिकायत पर आरोपियों पर मारपीट सहित अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है।

मरणोपरांत भी 2 लोगों को रोशनी दे गए रामचन्द्र रावत

गुना, देशबन्धु। समाजसेवी रामचंद्र रावत का आमकस्मिक निधन बुधवार रात्रि को हो गया। स्व. रावत के बेटे प्रकाश कुमार, दिनेश कुमार रावत के द्वारा पिता की आंखों को किसी जरूरतमंद व्यक्तियों को दान करने का विचार किया। तभी उन्होंने लायंस क्लब अध्यक्ष राजीव जैन, चेयरमेन आलोक अग्रवाल से रात्रि 1 बजकर 20 मिनट पर संपर्क कर लायंस नेत्र चिकित्सालय की टीम को नेत्र दान करने के लिए सूचित किया। उनकी इस इच्छा का सम्मान करते हुए, चिकित्सालय टीम द्वारा टेक्नीशियन ईश्वरी सिंह, सहायक तरूण के सहयोग से नेत्रदाता स्व. रामचंद्र रावत की ऑखों को रात्रि 2 बजकर 10 मिनट पर लायंस नेत्र चिकित्सालय गुना को दान किया गया। जो कि तत्काल इंदौर अस्पताल को भेजी गई। जिसको अस्पताल के द्वारा दो जरूरतमंद व्यक्तियों को, यह ऑखें सफल प्रत्यारोपित की गई। अभी तक 12 पुण्य आत्माओं ने अपनी आखों को दान कर 24 जरूरतमंद व्यक्तियों को नेत्र ज्योति प्रदान की है। क्लब ने ज्यादा से ज्यादा लोगो से अपील की जाती हे कि मरणोपरांत अपनी ऑखें दान करे ताकि किसी जरूरतमंद व्यक्ति को इसका लाभ मिल सके ।

पैदल जा रहे युवक पर चढ़ी कार, बुरी तरह घायल हुआ युवक

गुना, देशबन्धु। सिटी कोतवाली थानांतर्गत शास्त्री पार्क के पास पैदल जा रहे युवक को एक कार ने टक्कर मार दी। जिसमें वह घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी छोटू उर्फ विशाल लोधा पुत्र कल्लू लोधा निवासी बूढ़े बालाजी ने अपने भाई मुकेश लोधा के साथ पुलिस को शिकायत दर्ज कराई कि गत शाम वह साँई होटल से काम करते वापस अपने घर आ रहा था। जैसे ही वह ममता डेयरी शास्त्री पार्क के पास गुना पहुंचा तो पीछे की तरफ से गाडी क्रमांक एमपी 08-2233 के चालक ने अपनी गाड़ी को तेजी व लापरवाही पूर्वक चलाकर लाया और उनमें टक्कर मार दी । टक्कर लगने से वह गिर गया व गाडी का अगला पहिया उसके पैर पर चढ़। जिसमें वह बुरी तरह घायल हो गया। घायल को स्थानीय लोगों ने निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसका उपचार जारी है। फिलहाल मामले में पुलिस ने वाहन चालक पर मामला दर्ज किया है।

केन्द्रीय मंत्री ने आकांक्षी जिले से संबंधित कार्यों की समीक्षा के दौरान दिए निर्देश

कृषि विज्ञान केन्द्र व किसान उत्पादन संगठन मिलकर किसानों को करें जागरुक

गुना, देशबन्धु। केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्यमंत्री भारत सरकार भागीरथ चौधरी की अध्यक्षता में जिला कलेक्ट्रेट गुना के सभागार में आकांक्षी जिला गुना की समीक्षा की गयी। बैठक के दौरान मंत्री श्री चौधरी द्वारा आकांक्षी जिले के मुख्य इंडीकेटर्स स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, वित्तीय समावेश, बुनियादी अद्योसंरचना एवं कौशल विकास आदि की बिंदुवार प्रगति की समीक्षा की गई। इस दौरान उन्होंने कहा कि आकांक्षी जिलों के अंतर्गत जो कार्य किये जा रहे हैं, यह महत्वाकांक्षी योजना है। जिसके तहत केन्द्र सरकार और राज्य सरकार हर क्षेत्र में आकांक्षी जिलों में विकास के लिए कार्य कर रही है।

इस दौरान उन्होंने कहा कि आकांक्षी जिलों में शिक्षा के स्तर में अमूलचूल परिवर्तन हो रहा है। इसके तहत जहां स्कलों में हम ज्यादा से ज्यादा सुविधाएं देंगे तो बच्चे स्कूल की ओर आने के लिए ज्यादा आकर्षित होंगे। इस दौरान उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया गया कि सभी शिक्षक स्कूल में समय पर उपस्थित होवें। इस दौरान उन्होंने सीआर मद से किये जाने वाले कार्यो की भी जानकारी प्राप्त की। समीक्षा बैठक के दौरान कलेक्टर द्वारा कहा कि गुना जिले के अंतर्गत बमोरी आकांक्षी ब्लॉक में शामिल किया गया है, जिसके तहत अनेक कार्य किए जा रहे हैं। कुछ प्रोजेक्ट तैयार कर नीति आयोग भारत सरकार को भेजे गये हैं साथ ही उन्होंने जिले में किये गये नवाचार स्कूल एवं पंचायत भवन में पंखे, साफ-सफाई, पुताई, फर्नीचर की व्यवस्था, आंगनबाड़ी केन्द्रों में पंखे लगाने एवं स्वास्थ्य विभाग से संबंधित किये गये कार्यो के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत द्वारा जिले में स्वास्थ्य एवं शिक्षा के क्षेत्र में किए जाने वाले कार्य, आंगनबाड़ी केन्द्र और स्कूल के उन्नयन के लिए तैयार कर भारत सरकार को भेजे गए प्रोजेक्ट के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई और उन्होंने कहा कि इस प्रोजेक्ट के लिए अभी 9 करोड़ की राशि नीति आयोग भारत सरकार से आना अपेक्षित है। मंत्री श्री चौधरी द्वारा कृषि विभाग से संबंधित कार्यो की समीक्षा के दौरान कहा कि हमारा प्रदेश एवं जिला कृषि प्रधान है।

किसानों को प्राकृतिक खेती एवं जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए जागरूक करने की आवश्यकता है। इस पर कृषि विज्ञान केन्द्र द्वारा किसानों को मिट्टी परीक्षण के लिए समझाइश दी जावे और आधुनिक बीज और उर्वरक हेतु उन्हें प्रेरित किया जावे। साथ ही किसान उत्पादन संगठन (एफपीओ) के साथ मिलकर किसानों को जागरूक करने के लिए जागरूकता अभियान चलाया जावे। विशेष रूप से किसान डीएपी उर्वरक के स्थान पर अन्य उर्वरक नैनो यूरिया का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया जावे। इस दौरान उन्होंने न्यूनतम सर्मथन मूल्य पर रबी एवं खरीफ की फसल खरीदी के बारे में जानकारी प्राप्त की और साथ ही ड्रोन दीदी, केसीसी के संबंध में भी जानकारी प्राप्त की।

बैठक में विधायक गुना पन्नालाल शाक्य, बमोरी विधायक ऋषि अग्रवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मेन्द्र सिकरवार, नपाध्यक्ष सविता अरविन्द गुप्ता सहित अन्य जनप्रतिनिधि विकास जैन एवं कलेक्टर डॉ. सतेन्द्र सिंह, जिपं सीईओ प्रथम कौशिक सहित संबंधित अधिकारी अधिकारीगण उपस्थित रहे।

अब दूर होगी मोबाइल नेटवर्क का समस्या

बीएसएनएल के 4 जी के 76 मोबाईल टॉवर लगाए जाएंगे

◆ अब तक 51 टॉवरों की हुई स्थापना

गुना, देशबन्धु। हाल ही में भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) की गुना में अतिरिक्त 56 नये 4 जी मोबाइल टावर स्थापना की स्वीकृति दी हैं। वर्तमान में भारत सरकार की संचार नीति के अनुपालन में, भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) द्वारा गुना जिला एवं उसके संचार विहीन क्षेत्र में 4 जी के 76 टावर लगाने की योजना थी । इस योजना के तहत अब तक 51 मोबाइल सेवा टावरों की स्थापना कर दी गई है। शेष 25 टावर्स भी शीघ्र लगा दिए जाएंगे। वहीं पूरे लोकसभा क्षेत्र में 210 फॉरजी टॉवर लगने हैं। जिसमें 141 मोबाईल टॉवर लग चुके हैं। उक्त बात बुधवार को बीएसएनएल के मुख्य टेलीफोन एक्सचेंज पर आयोजित पत्रकारवार्ता में मुख्य महाप्रबंधक राधेश्याम परमार, सांसद प्रतिनिधि सुमेर सिंह गढ़ा सहित अन्य ने कही। इस मौके पर वक्ताओं ने बताया कि संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया द्वारा योजना के क्रियान्वयन की प्रगति की गहन समीक्षा भी हर स्तर पर की जाती है।

श्री सिंधिया ने मोबाइल सेवा के विस्तार और गुणवता में सुधार लाने के लिए गुना जिले में 56 अतिरिक्त नए टावर लगाने की योजना को मंजूरी दी है। इस अतिरिक्त 56 मोबाइल टावर को लगाने के लिए बीएसएनएल करीब 10 करोड़ रुपये का वितीय खर्च करेगा। संभावना है कि इन टॉवरों का संस्थापन वित्तीय वर्ष 2024-25 तक पूर्ण हो जाएगा। संचार मंत्री की इस पहल से न केवल स्थानीय विकास को बढ़ावा देगा, बल्कि दूरसंचार सेवाओं की पहुंच को भी सुनिश्चित करेगा। साथ ही साथ आमजन तक मोबाइल की बेहतर सुविधा भी उपलब्ध होगी। 4 जी की यह परियोजना पूरी तरह से स्वदेशी तकनीक पर आधारित है और प्रधानमंत्री के आत्म निर्भर भारत का हिस्सा है। भारत में पहली बार है कि बीएसएनएल इस तकनीक का उपयोग करते हुए पूरे देश में 4जी सेवाएं सफलतापूर्वक निर्बाध रूप से प्रदान कर रहा है। इस नवीनतम तकनीकी के माध्यम से बीएसएनएल ने संचार की गुणवत्ता और गति में सुधार करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है, जिससे संबंधित क्षेत्रों में लोगों को बेहतर सेवाएं प्राप्त हो रही हैं। स्वदेशी तकनीक न केवल हमारे देश की आत्मनिर्भरता को दर्शाता है बल्कि यह उन क्षेत्रों के लिए संचार के नए द्वार खोलेगा। जिन्हें पहले कभी 4जी सेवाओं का लाभ नहीं मिला। यह तकनीक 5जी सेवाएं देने के लिए भी सक्षम है जो की मामूली परिवर्तन द्वारा किसी भी समय आरंभ की जा सकती है। इन टॉवरों के संस्थापन के बाद गुना जिले के अंतर्गत आने वाले प्रत्येक गांव, हाइवे और रेल मार्ग पर बीएसएनएल 4जी नेटवर्क की उपलब्धता प्राप्त हो सकेगी जिससे न केवल स्थानीय निवासियों को संचार में सुविधा होगी, बल्कि यह शिक्षा, स्वास्थ्य, और व्यवसाय के क्षेत्रों में भी सुधार लाने में मदद करेगा।

युवक को बंधक बनाकर की मारपीट, मामला दर्ज

गुना, देशबन्धु। कैंट थानांतर्गत देवेन्द्र सिंह की कोठी के निकट एक युवक और उसके साथी की तीन लोगों ने मारपीट कर दी। पहले आरोपियों ने युवक को बर्थडे पार्टी में शामिल होने के लिए बुलाया। यहां आरोपी युवक द्वारा उसकी बहन की शादी आरोपी से कराने का दबाव बनाया। जब युवक ने मना किया तो आरोपियों ने उसकी मारपीट कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी ललित कुशवाह पिता संतोष कुशवाह निवासी कोल्हूपुरा शिवाजी नगर ने अपने अमन कुशवाह के साथ थाने में शिकायत दर्ज कराई कि गत रात उसके पास बलबीर कुशवाह का फोन आया कि हनुमान चौराहा पर आ जा। जिस पर वह अपने दोस्त अमन कुशवाह के साथ हनुमान चौराहा पर पहुंच। जहां हमे बलबीर कुशवाह मिला और बोला कि आज बर्थडे है मेरे साथ चलो हम सब देवेन्द्र सिह की कोठी के सामने वाले रामपाल यादव के मकान में बर्थडे मनाएंगे। जिस पर वह दोनों वहां चले गए। यहां उसे नरेन्द्र कुशवाह पिता कोमल कुशवाह निवासी रन्नौद एवं गगन पिता शिवेन्द्र रघुवंशी निवासी इंदार के मिले। इस दौरान बलबीर कुशवाह उससे बोला कि तेरी बहन की शादी मुझसे करा दे। जिस पर वह बोला कि मेरे घर वाले जहां करेंगे वही होगी। इसी बात पर से बलबीर कुशवाह, नरेन्द्र कुशवाह व गगन रघुवंशी तीनों ने उसे तथा उसके दोस्त अमन को कमरे में बन्द कर लिया और मारपीट की। इस दौरान आरोपियों ने उन्हें पूरी रात और अगले दिन शाम 5 बजे छोड़ा। मामले में पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपियों पर मारपीट सहित अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है।

खाद की कालाबाजारी दुर्भाग्यपूर्ण, हम सख्त कार्रवाई करेंगे : केंद्रीय राज्यमंत्री

गुना, देशबन्धु। खाद का कट्टा यदि ब्लैक में बिक रहा है तो यह दुर्भाग्यपूर्ण है। मैं आज आया हूं, मेरे संज्ञान में अभी आया है। हम इस पर सख्त कार्रवाई करेंगे। हम प्रधानमंत्री और कृषि मंत्री के नेतृत्व में किसानों के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं चला रहे हैं। हमारा फोकस जैविक खेती पर भी है। हमें खेती के साथ-साथ जमीन को भी बचाना है। पीएम की मंशानुरूप जैविक खेती और पर्यावरण की ओर हम जा रहे हैं। उक्त बात बुधवार को गुना पहुंचे केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कही। इस दौरान उन्होंने राज्य में खाद की कमी के पीछे विदेशी साजिश का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि इसमें भी विदेशी साजिश है, क्योंकि डीएपी बाहर से मंगाना पड़ता है। उन्होंने जानबूझकर उसकी कीमत इतनी ज्यादा बढ़ा दी है। वो चाह रहे हैं कि भारत का किसान आंख यूरिया और पेस्टीसाइड इस्तेमाल में ले। भागीरथ चौधरी कहा कि रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध हो रहा है। पहले वहां से डीएपी आने में 14 दिन लगते थे, अब 45 दिन लग रहे हैं। तीन गुना से ज्यादा समय लग रहा है। इसलिए थोड़ी बहुत डीएपी की शॉर्टेज आ रही है। उन्होंने आगे कहा कि सारे अन्नदाताओं से हम निवेदन करना चाह रहे हैं कि वो अपने खेत की मिट्टी का परीक्षण कराएं।

सीमेंट से भरे ट्रॉले में अचानक लगी आग

गुना, देशबन्धु। स्थानीय एबी रोड पर बीज निगम के पास रात भर से खड़े एक ट्रॉले में अचानक आग लग गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची दो फायर ब्रिगेडों द्वारा किसी तरह आग पर काबू पाया। प्राप्त जानकारी के अनुसार सीमेंट से लदा एक ट्रॉला रातभर से एबी रोड पर बीज निगम के पास खड़ा हुआ था कि इसी दौरान उक्त ट्रॉले के अगले हिस्से में आग लग गई।

बमोरी सोसाइटी को सील कर समिति प्रबंधक बमोरी को किया निलंबित

गुना, देशबन्धु। कलेक्टर डॉ. सतेन्द्र सिंह द्वारा बुधवार को बमोरी क्षेत्र का भ्रमण किया गया। इस दौरान उन्होंने डबल लॉक खाद्य वितरण केंद्र बागेरी का औचक निरीक्षण कर किसानों से चर्चा कर खाद वितरण व्यवस्थाओं का जायजा लेकर खाद वितरण की जानकारी ली गई। उन्होंने बताया कि अभी एक मशीन से खाद बंट रहा हैं। कलेक्टर द्वारा मौके पर ही निर्देश दिए कि अब दो मशीन द्वारा यहां खाद वितरण कराएं। इस दौरान मौके पर उपस्थित किसानों की भीड़ की लाइन बनवाकर लगभग 125 किसानों को टोकन वितरित कराये गए। जिन्हें कल इसी केंद्र से खाद वितरण कह व्यवस्था कराई जावेगी।

कलेक्टर द्वार भ्रमण के दौरान बमोरी की उचित मूल्य दुकान का निरीक्षण किया गया। इस दौरान पीडीएस के चावल, गेहूं, नमक वितरण का जायजा लिया और उपस्थित उपभोक्ताओं से राशन वितरण से जानकारी ली गयी। उपभोक्ता ने बताया कि हमें चावल और गेहूं मिल गए हैं। जिसे हम अपनी मोटरसाइकिल पर रखकर घर ले जा रहे हैं।

बमोरी सोसाइटी को कराया सील एवं समिति प्रबंधक राजेन्द्र हरिओम को किया निलंबित : इसके बाद कलेक्टर द्वारा बमोरी सोसाइटी का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उपस्थित किसानों से चर्चा की गई। सोसाइटी पर अनाधिकृत रूप से एक व्यक्ति द्वारा सोसाइटी पर ऑपरेटर कार्य किया जा रहा था, जिसके द्वारा एक किसान को जो वितरण पर्ची दी गई थी, उसमें खाद प्राप्ति का स्पष्ट उल्लेख नही पाया गया। खाद की मात्रा में अंतर पाया गया।

मौसम की सबसे सर्द रात, न्यूनतम पारा रिकॉर्ड गिरकर 11.5 डिग्री पर पाया

गुना, देशबन्धु। कश्मीर में हो रही बर्फबारी का असर बीते दो दिनों से गुना सहित अंचलभर में दिखने लगा है। जिले में बुधवार को न्यूनतम और अधिकतम तापमान में रिकॉर्ड गिरावट दर्ज की गई है। इस दौरान रात का तापमान 11.5 डिग्री सेल्सियस रेकॉर्ड किया गया। यह इस सीजन में अब तक का सबसे कम रहा। बीते 48 घंटे में 4.3 गिरकर 11.5 पर आया पारा। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार अगले 2 से 3 दिन तक रोज ऐसे ही न्यूनतम तापमान एक से दो डिग्री तक गिरेगा। 22 से 23 नवंबर तक 8 से 9 डिग्री के बीच तक पहुंचने की संभावना। दरअसल दीपावली के बाद से ही सर्दी का अहसास होने लगता है। लेकिन इस बार दीपावली के एक पखवाड़े बाद सर्दी का अहसास हुआ। यह सर्दी कश्मीर में हो रही बर्फबारी के कारण है। इस कारण घाटी की ओर से आने वाली हवाओं के असर के कारण उत्तरी हवाओं ने मौसम में हल्की ठंडक घोल दी और पारा गिरा। अगले हफ्ते तक तापमान और कम होगा। ऐसे में रात में कंपकंपा देने वाली सर्दी पकडऩे की संभावना है।

अभी तक की सबसे सर्द रात : बुधवार को गुना न्यूनतम तापमान 11.5 डिग्री सेल्सियस तक आ गया। ऐसे में यह रात इस सीजन की सबसे सर्द रात के तौर पर दर्ज हुई। न्यूनतम तापमान सामान्य से 4.3 डिग्री दर्ज हुआ। यही नहीं अधिकतम तापमान में दूसरे दिन भी गिरावट जारी रही। इस दौरान अधिकतम तापमान 26 डिग्री दर्ज किया गया।

अच्छी लगने लगी धूप : ऐसे में दिन में अब लोगों को धूप अच्छी लगने लगी है। खासकर सुबह और शाम के वक्त लोग धूप का आनंद लेते नजर आए। मौसम विभाग के अनुसार हवा का रुख उत्तरी है। जम्मू कश्मीर में हल्की बर्फबारी हुई है। इस कारण मौसम में ठंडक बढ़ी है। वेस्टर्न डिस्टरबेंस जम्मू में है। अब यह हिमालय की तराई की ओर आगे बढ़ेगा। इस दौरान हवा का रुख उत्तरी रहा तो एक-दो दिन बाद ठंडक में और इजाफा होने के आसार हैं। मौसम वैज्ञानिकों की मानें तो एक-दो दिन बाद न्यूनतम तापमान में और गिरावट आएगी।

बच्चों को गर्म कपड़े पहनाएं, सर्दी से रखें बचाव : तापमान गिरने से सर्दी, खांसी, जुकाम, निमोनिया व अस्थमा के मरीज बढ़ेंगे। बच्चों को गर्म कपड़े पहनाएं और सर्दी से बचाव रखें।

- तापमान में गिरावट आने से हार्ट और ब्रेन अटैक की संभावना बढ़ जाती है। फिब्रीनोजन नामक पदार्थ शरीर में सर्दी के मौसम में बढ़ जाता है जो क्लोटिंग बढ़ाता है। इससे खून गाढ़ा हो जाता है और खून का थक्का जमने की संभावना बढ़ जाती है।

जनसुनवाई : मोहनपुरा परियोजना के डूब प्रभावित को मिलेगा 11 लाख 84 हजार का मुआवजा

राजगढ़, देशबन्धु। मोहनपुरा परियोजना के डूब क्षेत्र में प्रभावित ग्राम उद्पुरिया के भू-अर्जन के पूरक प्रकरण में कुल 15 हितग्राहियों की रजिस्ट्री जल संसाधन के नाम पर माह सितम्बर-अक्टूबर 2023 में की जाकर मुआवजा राशि प्रदान की गई थी। उस समय प्रकरण में ग्राम उदपुरिया निवासी राहुल पिता गोरीलाल का मुआवजा इसलिए पारित नहीं हो सका, क्योंकि ऑनलाईन खसरे में राहुल पिता गोरीलाल, शैतानबाई बेवा गोरीलाल और भगवान सिंह पिता गोरीलाल का नाम दर्ज नहीं हुआ था। मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई के दौरान राहुल पिता गोरीलाल ने कलेक्टर डॉ.गिरीश कुमार मिश्रा को मुआवजा के लिए आवेदन दिया।

साथ ही बताया गया है कि वो गंभीर रूप से बीमार है और आर्थिक संकट से जूझ रहा है। कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने तत्काल प्रभावित भूमि 0.984 हेक्टयर का आपसी सहमति से क्रय करने के प्रकरण पर हस्ताक्षर कर प्रभावित भूमि कर रजिस्ट्री कराकर शीघ्रातिशीघ्र मुआवजा राशि 11 लाख 84 हजार रूपये दिए जाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

यातायात नियमों के बारे में स्कूली विद्यार्थियों को किया जागरुक

अशोकनगर, देशबन्धु। यातायात नियमों के बारे में जागरूक करने के लिए चलाए जा रहे अलग-अलग अभियान चलाए जा रहे हैं। इसके तहत स्कूली छात्र-छात्राओं को भी ट्रैफिक नियम पालन करने के लिए जागरुक किया जा रहा है। इसी कड़ी में बुधवार को यातायात थाना प्रभारी स्नेहा ठाकुर ने संस्कृति स्कूल के विद्यार्थियों को यातायात के नियम बताएं।

यातायात थाना टीम ने डीजिटल कम्प्यूटर बोर्ड पर स्लाईडशो प्रजेंटेंशन के माध्यम से बच्चों को यातायात नियमों के बारे में बताया गया। जिसमें यातायात जागरूकता, सडक दुर्घटनाओं के आंकड़ें, यातायात संकेतक, सडक दुर्घटनाओं के कारण, दुर्घटनाओं के प्रकार, स्वयं को सडक पर चलते समय कैसे सुरक्षित रखा जाये, बस से आते-जाते समय क्या सावधानी रखी जाये इस बारे में भी अवगत कराया गया। साथ ही सडक दुर्घटनाओं के वीडियो स्क्रीन पर बताये गये जिसमें क्या क्या सावधानी बरती जा सकती थी, जिससे दुर्घटना रोकी जा सकती थी।

थाना प्रभारी यातायात रक्षित निरीक्षक स्नेहा ठाकुर ने गुड सेमेरिटन योजना के बारे में बताते हुए सभी को बिना किसी कानूनी कार्यवाही के डर से दुर्घटनाओं में घायल लोगों की हमेशा सहायता करने के बारे में बताया। उपस्थित सभी छात्र छात्राओं को यातायात नियमों का पालन किये जाने की शपथ दिलाई गई जिसमें अपने परिवारजनों के साथ स्वंय भी दो पहिया एवं चार पहिया वाहन चलाते समय दुर्घटनाओं से बचने के लिये हमेशा हेलमेट एवं सीटबेल्ट धारण करेंगें। यातायात जागरुकता कार्यशाला में स्कूल से लगभग 250 छात्र छात्राएं एवं स्कूल का स्टॉफ उपस्थित रहा। कार्यशाला थाना यातायात से थाना प्रभारी यातायात रक्षित निरीक्षक स्नेहा ठाकुर, आरक्षक परमवीर सिंह, आरक्षक कन्हैयालाल द्वारा ली गई।

स्कूल में आयोजित संगोष्ठी में वक्ताओं ने कहा

महिला सशक्तिकरण की प्रतीक थीं देवी अहिल्याबाई



__अशोकनगर, देशबन्धु।__ बुधवार को संस्कृति पब्लिक विद्यालय में लोकमाता देवी अहिल्या बाई त्रिशताब्दी समिति द्वारा संगोष्ठी का आयोजन किया गया। छात्रों को ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व की जानकारी देने के साथ नैतिक और सामाजिक शिक्षा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ. श्रीमती अनुराधा यादव ने कहा कि देवी अहिल्या बाई ने महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया। वह एक ऐसी महिला थीं जिन्होंने न केवल अपने साम्राज्य को अच्छे से शासित किया, बल्कि महिलाओं की शिक्षा और सामाजिक स्थिति में सुधार करने के लिए भी काम किया। उन्होंने यह साबित किया कि महिलाएं भी प्रभावी शासक और समाज सुधारक हो सकती हैं।

संगोष्ठी के मुख्य वक्ता सह-सचिव ब्रज किशोर शर्मा ने कहा कि देवी अहिल्या बाई ने अपने शासनकाल में धर्म और संस्कृति के उत्थान के लिए अभूतपूर्व योगदान दिया। उन्होंने काशी विश्वनाथ मंदिर, रामेश्वरम, सोमनाथ, अयोध्या और अन्य पवित्र स्थलों का पुनर्निर्माण करवाया। उनकी दृष्टि केवल अपने राज्य तक सीमित नहीं थी।

कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती इंदु कौर ने की। साथ ही, समिति की सदस्य डॉ. श्रीमती निकिता चौरसिया और बसंत सक्सेना भी मौजूद रहे।

विद्यालय के कार्यक्रम में छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। साथ ही, जीवन चरित्र पर एक प्रदर्शनी भी लगाई गई। जिसमें देवी अहिल्या बाई के जीवन की प्रमुख घटनाओं, उनके कार्यों और उनके शासनकाल के महत्वपूर्ण पहलुओं को चित्रों और पोस्टरों के माध्यम से प्रदर्शित किया गया अंत में समिति सदस्यों द्वारा विद्यालय की प्राचार्य को चन्देरी साड़ी जिस पर लोकमान्य देवीअहिल्या बाई का चित्र अंकित था भेंट की।

सार-समाचार

वरिष्ठ नागरिकों के बनाए जा रहे आयुष्मान कार्ड

सिलवानी, देशबन्धु। नगर परिषद सिलवानी के कर्मचारी नगर के विभिन्न वार्ड में घर घर जाकर 70 वर्ष एवं उससे अधिक आयु वर्ग के लोग अपना आयुष्मान कार्ड बना रहे हैं। आयुष्मान कार्ड के लिए वरिष्ठ नागरिकों का बीपीएल सूची में होना अनिवार्य नहीं है। आयुष्मान कार्ड धारक का निजी एवं सरकारी अस्पतालों में पांच लाख रुपए का नि:शुल्क इलाज होता है। प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना का विस्तार करते हुए 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को प्रतिवर्ष पांच लाख रुपए तक का स्वास्थ्य सुरक्षा कवच प्रदान किया जाना सुनिश्चित किया गया है।

विवाह का सीजन शुरू होते ही बाजार में बिकने लगे बांस से बने पिटारे

सिलवानी, देशबन्धु। हिंदू रीति रिवाज से होने वाले विवाह कार्यक्रम में पिटारा का महत्व है। पिटारा यानी बांस से बनाया जाने वाला एक ऐसा पात्र जिसमें सामान रखा जाता है। इस टोकनी को पिटारा कहते हैं। टोकनी के ऊपर बांस की पतली सीखों से कवर भी बनाया जाता है और बाद में इसे और भी खूबसूरत बनाने के लिए रंग कर दिया जाता है। बंसल समाज के लोग इसे बनाते हैं और फिर बाजार में रखकर बिक्री करते हैं। नगर में पुराने बस स्टैंड के पास एवं अन्य स्थानों पर यही पिटारा बिकता नजर आया। इसकी बिक्री करने वाले दुकानदार से बात की, तो उसने बताया कि इसकी कीमत ढाई सौ से तीन सौ रुपए है। बताया गया कि यह पिटारा दुल्हन अपने मायके से लाती है, जिसमें उसके परिजन ससुराल वालों के लिए पकवान व अन्य सामग्री रखते हैं।

मप्र टीम का नेतृत्व करेंगे रायसेन के 5 खिलाड़ी

रायसेन, देशबन्धु। रोहतक हरियाणा में दिनांक 22 से 27 नवंबर 2024 तक आयोजित होने वाली 68वीं राष्ट्रीय शालेय अंडर-17 हॉकी प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए मध्यप्रदेश टीम बुधवार को भोपाल से रवाना हुई। मध्यप्रदेश बालक टीम का नेतृत्व रायसेन के आतिफ़ खान को सौंपा गया है। टीम में रायसेन के 5 खिलाड़ियों का चयन हुआ है।

मंडी में हुई रिकॉर्ड आवक, एक हजार ट्रैक्टर ट्रॉलियां पहुंचीं

धान के दाम कम मिलने पर गुस्साए किसानों ने हाइवे पर किया चक्काजाम

रायसेन, देशबन्धु। मंडी में धान लेकर आए किसान बुधवार को उस समय भड़क गए जब व्यापारियों ने उनकी उपज के दाम कम लगाए। तीन हजार रुपए क्विंटल की उम्मीद में आए किसानों की उपज के 2500 रुपए प्रति क्विंटल के दाम लगे तो हंगामा शुरू हो गया। दाम के अलावा नीलामी में सुबह आने वाली ट्रालियां आगे लगने और उनकी उपज की पहले नीलामी होने से भी किसानों की नाराजगी बढ़ गई। शाम लगभग साढ़े तीन बजे किसानों ने दशहरा मैदान पर हंगामा शुरू कर दिया और अपनी ट्रालियां लेकर मंडी के सामने भोपाल रोड पर आकर जाम लगा दिया। कुछ ही देर में हाइवे पर दोनों तरफ वाहनों की कतारें लग गईं। जिनमें कई यात्री बसें भी थीं। जाम की सूचना मिलते ही नायब तहसीलदार और टीआई मौके पर पहुंचे और किसानों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन किसान अपनी जिद पर अड़े रहे। कुछ किसानों को लेकर अधिकारी मंडी कार्यालय पहुंचे, जहां व्यापारियों को बुलाकर किसानों की समस्याएं सुनीं। लगभग एक घंटे तक हंगामेदार चर्चा चलती रही, अंत में ट्रालियों को कूपन बांटकर नीलामी करने का निर्णय लिया गया। उपज के दाम के सवाल पर मंडी प्रबंधन ने हाथ खड़े कर दिए, कहा कि यह मामला व्यापारियों का है, जिस पर मंडी प्रबंधन का कोई जोर नहीं है।

बमुश्किल खुला जाम

अधिकारी किसानों के साथ मंडी कार्यालय में चर्चा करते रहे और हाइवे पर वाहनों का जमघट लगता रहा। सैकड़ों वाहनों में फंसे लोग निकलने के लिए परेशान होते रहे। किसानों ने अपनी ट्रालियां सड़क कर, रस्सी बांधकर दुपहिया वाहनों को भी निकलने से रोका। कई महिलाएं, बुजुर्ग बसों से उतरकर पैदल ही घरों के लिए निकले।

इनका कहना है

किसानों में दाम को लेकर असंतोष था, लेकिन इस पर हमारा कोई जोर नहीं है। अन्य मंडियों में भी दाम कम चल रहे हैं। ऊपर से जो दाम व्यापारियों को मिलते हैं, उसी के अनुसार खरीदी करते हैं। नंबर की समस्या को हल करने ट्रालियों को कूपन बाटे जा रहे हैं, जिनके अनुसार नीलामी की जाएगी।

एपी सिंह बिलोडिया,
सचिव कृषि उपज मंडी

सड़कों पर दौड़ रही बिना नंबर और रिफलेक्टर की ट्रैक्टर-ट्रॉली, रात में हादसे की आशंका



सिलवानी, देशबन्धु। नगर सहित हाइवे पर बेधडक दौड़ रही ट्रैक्टर-ट्रॉलियां प्रशासन की लापरवाही का बड़ा उदाहरण पेश कर रही है। नगरीय सहित ग्रामीण क्षेत्रों में सैकड़ों ट्रैक्टर ट्रॉलियों मनमर्जी से संचालित हो रही है। ट्रैक्टरों पर न नंबर है ना ही ट्रॉलियों पर सुरक्षा साधन दिखाई देते है। स्थानीय प्रशासन भी लापरवाही बरत रहा है। पिछले कई वर्षों यही गतिविधियां चलती आ रही है, लेकिन कार्रवाई के नाम पर कुछ नहीं हुआ ट्रैक्टर ट्रॉली की वजह से कई हादसे हो चुके है, लेकिन प्रशासन मौन है। ट्रैक्टर-ट्रॉलियों पर न तो रेडियम लगा है न ही कोई संकेतक नजर आ रहा है। बल्कि नंबर के स्थान पर स्वयं के विज्ञापन जरूर छपे हैं। सीमेंट पर चलने वाली ट्रैक्टर ट्रॉलियों का तो कलर भी समझ नहीं आता। रात में यदि ये ट्रैक्टर-ट्राली सामने चल रहीं हो तो दिखाई भी नहीं देगी। ऐसी स्थिति में हादसा होना तय है। किसानी कार्यों के लिए बनी ट्रैक्टर-ट्रॉली को एजेंसी संचालक या वाहन मालिक बिना कामर्शियल परमिट के ईट, सीमेंट, रेत और गिट्टी सहित अन्य सामान ढोने में लगे है। इतनी लापरवाही के बाद भी इन पर जिम्मेदारों की मेहरबानी बनी हुई है। कोई कार्रवाई नहीं होती।

जिला अस्पताल में आग से बचाव के संसाधनों को जांचने हुई मॉकड्रिल

रायसेन, देशबन्धु। जिला अस्पताल में आग जैसी घटना से बचाव के लिए लगाए गए पूरे सिस्टम को जांचने बुधवार को मॉकड्रिल की गई। जिसमें पता चला कि टैंक से जिस पाइप लाइन के जरिए अस्पताल भवन तक पानी जाएगा, उसका वॉल्व ही खराब है। मॉकड्रिल के लिए जैसे ही टैंक की मोटर को चालू किया पूरे अस्पताल में बिछी पानी की पाइप लाइन भर गई, लेकिन बंद करने के समय वॉल्व फेल हो गया। जिससे पानी बहता रहा। मॉकड्रिल में यह खामी खुलकर सामने आ गई, हालांकि बाद में ठेकेदार के कर्मचारी ने वॉल्व बदलकर फिर से मॉकड्रिल कराया। जिसमें पहली बार वाटर सप्लाई को चेक किया गया, जिसमें खामी पाई गई, हालांकि फायर सेंसर अलार्म दुरुस्त पाए गए। भवन के गलियारों, वार्डों के आस-पास हर 10 से 15 फीट की दूरी पर फायर सेंसर लगाए गए हैं। इन सेंसर के धुआं के संपर्क में आते ही इनमें लाल लाइट जलती है और अलार्म बजने लगता है। मॉकड्रिल के दौरान ये सेंसर दुरुस्त पाए गए। बिल्डिंग में पाइप लाइन के जरिए पानी सप्लाई होता है, जिसका मुख्य वॉल्व तो बदल दिया गया, लेकन आपातकालीन स्थिति में भवन के अंदर लगे स्प्रिंकलर वाटर सिस्टम की जांच नहीं हो सकी। ठेकेदार के कर्मचारी ने बताया कि स्प्रिंकलर में विशेष प्रकार का केप्सूल लगा है, जो 68 डिग्री तापमान होने पर फट जाता है और इससे पानी के फव्वारे निकलने लगते हैं, यह पूरा सिस्टम ऑटोमेटिक है।

शहर में ढाई करोड़ की लागत के निर्माण कार्यों का भूमिपूजन

- विधायक एवं नप अध्यक्ष ने दिया सुविधाओं का आश्वासन

सांची, देशबन्धु। नगर के सभी पंद्रह वार्डों में बुधवार को क्षेत्रीय विधायक एवं पूर्व मंत्री डॉ. प्रभूराम चौधरी ने नगर परिषद अध्यक्ष पप्पू रेवाराम की उपस्थित में सीसी रोड सुलभ कॉम्प्लेक्स नाली निर्माण सहित लगभग ढाई करोड़ रुपए की लागत के कार्यों का भूमि पूजन किया। इसके साथ ही नगर परिषद को दो पानी के टेंकर स्वीकृत किए कर अन्य वार्डों में विभिन्न निर्माण की मांग पर 70 लाख रुपए आवंटित करने का आश्वासन दिया। जानकारी के अनुसार पूर्व मंत्री एवं क्षेत्रीय विधायक डॉ. चौधरी ने नगर के सभी पंद्रह वार्डों में विकास हेतु लगभग ढाई लाख रुपए की लागत से होने वाले विभिन्न निर्माण इनमें सीसी रोड, सुलभ कॉम्लेक्स नाली निर्माण के विभिन्न निर्माण का भूमि पूजन किया। वार्ड नं 15 में मुख्य चौराहे के निकट रिक्त शासकीय भूमि पर लगभग बीस लाख रुपए से अधिक राशि की लागत से बनने वाले सुलभ कॉम्पलेक्स का डॉ. चौधरी द्वारा भूमि पूजन किया गया।

इस मामले में वार्ड पार्षद विवेक तिवारी की नाराजगी देखने को मिली। जब वार्ड पार्षद श्री तिवारी से जानना चाहा तो उन्होंने बताया कि इस चौराहे पर जो अस्पताल के समीप है हमने पार्क बनाने की मांग की थी, जिससे अस्पताल में मरीजों को बैठने उठने की सुविधा उपलब्ध हो सके। लेकिन सुनवाई नहीं हो सकी एवं जिस स्थान पर कॉम्लेक्स का भूमि पूजन कराया गया है वह राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण होने से हटाया जा सकता है। इससे सरकार की राशि को पलीता लग जाएगा इसके साथ ही हमें पूर्व से न तो कोई जानकारी दी गई न ही हमसें निर्माण के संबंध में किसी प्रकार की चर्चा ही हुई। हमें भूमि पूजन के समय फोन पर सूचना दी गई। इस मामले में जब हमने सीएमओ से बात की तो उन्होंने साफ कहा हमारी जानकारी में नहीं है। अध्यक्ष ने कहा तब हमें पता चल सका इस कॉम्लेक्स के भूमि पूजन से वार्ड पार्षद की नाराज हैं। पार्षद तिवारी ने बताया कि हमें यह ही नहीं मालूम कि कॉम्लेक्स का कब प्रस्ताव पारित किया गया। परिषद में यह प्रस्ताव रखा ही नहीं गया था। इस प्रकार पार्षदों के साथ ही उपेक्षित रवैया अपनाया जाता रहा तो हम मजबूर होकर त्याग पत्र भी दे सकते हैं। इस मामले में जब नगर परिषद अध्यक्ष पप्पू रेवाराम से बात की गई तो उन्होंने बताया कि हमने स्वयं पार्षद को फोन किया था परन्तु वह किसी कारणवश उपस्थित नहीं हो सके। इसी मामले में जब सीएमओ रामलाल कुशवाहा से जानना चाहा तो उन्होंने कहा कि हमनें वार्ड पार्षद को स्वयं एक दिन पहले भी फोन किया एवं भूमि पूजन के पूर्व भी फोन किया गया था। इसके साथ ही हमने कर्मचारी को भेजकर सूचना दी गई परन्तु पार्षद जी उपस्थित नहीं हो सके। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष यशवंत मीणा, वरिष्ठ नेता दातार सिंह मीणा, उपाध्यक्ष राजेंद्र राजपूत सहित अनेक पार्षद उपस्थित रहे।

आपस में मची है खींचतान

बहरहाल जो भी हो माना जाता है नगर परिषद में एक वार्ड पर कांग्रेस काबिज है जबकि चौदह वार्डों में भाजपा का कब्जा है परन्तु हमेशा की तरह इस बार भी एक ही परिषद में आपसी खींचतान किसी से छिपी नहीं है। समय-समय पर कांग्रेस पार्षद तो अनदेखी का आरोप लगाते रहे हैं परन्तु भाजपा परिषद में नए पुराने भाजपा मे वर्चस्व का विवाद हमेशा से ही उजागर होता रहा है। यह परिषद गुटबाजी के चलते चर्चित होती रही है एक बार फिर इस भूमि पूजन में भी पार्षद की अनुपस्थिति कहीं न कहीं चर्चित हो रही है। अंत में नगर के जनप्रतिनिधियों नागरिकों ने भी इन दिनों सांची को विदिशा में मिलाने की चर्चा जोरों पर है। डॉ. चौधरी से सांची को रायसेन में ही रहने की मांग की तो डॉ. चौधरी ने साफ कह दिया कि सांची को किसी भी कीमत में विदिशा में नहीं मिलने दिया जाएगा। जबकि सांची को विदिशा में मिलाने की चर्चा जोरों पर चल रही है।

पीएमश्री विद्यालय में हुआ परमाणु ज्योति कार्यक्रम

बाड़ी, देशबन्धु। डिपार्टमेंट ऑफ़ एटॉमिक एनर्जी और भाभा अनुसंधान केंद्र मुंबई के सौजन्य से परमाणु ज्योति कार्यक्रम आयोजित किया गया। नवोदय विद्यालय समिति और भाभा एटॉमिक रिसर्च सेंटर के संयुक्त प्रयासों से इस कार्यक्रम को देश के विभिन्न नवोदय विद्यालय में आयोजित किया जा रहा है। इसके अंतर्गत दो परमाणु मित्र शांतनु पाल और डॉक्टर नीना गिरीश ने विद्यालय के समस्त प्रयोगशालाओं, पुस्तकालय आदि का भ्रमण किया। परमाणु ज्योति कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों में वैज्ञानिकी एवं शोध की प्रवृत्ति को जागृत करने का प्रयास किया जा रहा है। परमाणु ऊर्जा का शांति के लिए उपयोग कैसे किया जा सकता है इस बारे में दोनों अतिथियों ने विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम के अंतर्गत एक शॉर्ट फिल्म और प्रश्नोत्तरी का भी आयोजन किया गया। विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में प्राचार्य जितेंद्र कुमार एवं उप प्राचार्य निशांत तिवारी ने अतिथियों का पुष्पगुच्छ एवं शाल श्रीफल से स्वागत किया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक उपस्थित रहे।

विधायक के निर्देश पर नहरों की सफाई में आई तेजी

आष्टा, देशबन्धु। विधानसभा क्षेत्र के सिद्दीकगंज बेल्ट के करीब 20 से अधिक ग्रामो के किसान रामपुराडेम से पलेवा एवं सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी देने एवं नहरों की सफाई कराये जाने की मांग को लेकर विधायक गोपालसिंह इंजीनियर को मिलकर आवेदन सौपा था। किसानों की मांग पर तत्काल विधायक इंजीनियर ने सिंचाई विभाग के प्रभारी एसडीओ महेंद्र शर्मा को कार्यालय बुलाया,किसानों के सामने ही उनसे चर्चा कर निर्देशित किया कि नहरों की सफाई शुरू हो। सिंचाई विभाग के प्रभारी एसडीओ महेंद्र शर्मा ने भी विधायक कार्यालय को निर्देशो के पालन के तहत बताया कि डेम की नहरों की सफाई शुरू हो गई है आज मानव श्रम से नहरों की सफाई शुरू हुई तथा उसी के साथ जहां मिट्टी का भराव था वहां जेसीबी से नहरों की सफाई शुरू करवा दी है।

भारतीय किसान संघ की बैठक संपन्न

सीहोर, देशबन्धु। भारतीय किसान संघ जिला सीहोर की मासिक बैठक आज कृषि उपज मंडी सीहोर के बैठक कक्ष में आयोजित की गई। जिसमें समय पर गुणवत्ता खाद की पर्याप्त व्यवस्था हो जिले में बिजली की व्यवस्था व संगठन के विस्तार को लेकर विशेष रूप से चर्चा एवं जिला कार्यकारिणी में कार्यकर्ताओं को प्रांत प्रदेश के निर्देश अनुसार विभिन्न अलग-अलग आयामों की जिम्मेदारी सौंप गई। बैठक में मुख्य रूप से प्रांत युवा वाहिनी संयोजक संतोष पवार जिला अध्यक्ष राकेश वर्मा जिला उपाध्यक्ष गजराज सिंह ठाकुर वाहिनी संयोजक सचिन पटेल जिला मीडिया प्रभारी प्रेम दांगी जिला सह मंत्री मोहन पाटीदार जिला कार्यकारिणी सदस्य वीरेंद्र सेन तहसील मंत्री दीपक मीणा जितेन आर्य विनोद राठौड़ शिव नारायण मोतीलाल मंडलोई सीहोर तहसील अध्यक्ष अरविंद सहित जिला कार्यकारिणी एवं सभी तहसीलों के अध्यक्ष मंत्री मुख्य रूप से बैठक में शामिल रहे।

मध्यप्रदेश,छत्तीसगढ़, उत्तरप्रदेश मे संगठन का हुआ विस्तार

सीहोर, देशबन्धु। सर्वजन न्याय मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष चयन समिति शरद द्विवेदी द्वारा कार्यकारणी का विस्तार करते हुए प्रतिमा शुक्ला राष्ट्रीय महासचिव, प्रभा वाजपेयी तिवारी राष्ट्रीय सचिव एवं प्रतिभा त्रिपाठी राष्ट्रीय सह सचिव महिला मंच सर्वजन न्याय मंच का मनोनीत किया गया है। इनकी नियुक्ति पर उर्मिला मिश्रा राष्ट्रीय अध्यक्ष कार्यकारी महिला मंच, शालिनी जाधव, डॉ हेमलता शर्मा, सोभलेश तिवारी, एडवोकेट गीता सिंह ठाकुर, रागिनी पाण्डेय फिल्म अभिनेत्री,निर्माता, मंजू गौतम फिल्म निर्माता निर्देशक कवयित्री सखी, ममता शर्मा, रीमा गुप्ता, मोनिका सिंह, निर्मला मिश्रा, सुमन उपाध्याय, ने हर्ष व्यक्त किया है।

अस्पताल प्रशासन और मृतक के परिजन हुए आमने-सामने

- डॉक्टर पहुंचे थाने, अस्पताल में हंगामा करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग

आष्टा, देशबन्धु। सिविल अस्पताल में पदस्थ डॉक्टर अपने साथी डॉक्टर सुदर्शन के साथ की गई झूमाझटकी गाली गलौच मारपीट और शासकीय कार्य मे बाधा डालने वालों के खिलाफ कार्यवाही के लिए बीएमओ डॉक्टर जीडी सोनी के नेतृत्व में थाने पहुंचे। इससे पहले झूठा आरोप लगाने वालों के खिलाफ कार्यवाही के लिए थाने पहुंचकर एक ज्ञापन एसडीओपी आकाश अमलकर को दिया। जिसमें लिखा है कि अस्पताल में उपद्रव करने वालों के खिलाफ कार्यवाही की जाए। ज्ञापन में लिखा है कि 17 नवंबर को आपातकालीन रात्रि ड्यूटी डॉक्टर सुदर्शन ग्रेवाल थे। इसी दौरान अखिलेश जैन अपने पुत्र वर्धन जैन को गंभीर घायल अवस्था में अस्पताल लाए थे। प्राथमिक उपचार किया गया। बालक की मस्तिष्क की हड्डी टूटने के कारण दिमाग का हिस्सा भी बाहर निकल चुका था। गंभीरता को देखते हुए तुरंत जिला अस्पताल रैफर किया गया। मरीज को उठाकर जननी वाहन के ड्राईवर पर दबाव बनाकर स्वयं परिजन देवास ले गए। इस बीच इमरजेंसी कक्ष में विशाल जैन इंदर सिंह ठाकुर,आए और डॉ सुदर्शन की कॉलर पकड़कर खीचा। इसके साथ इंदर सिंह ठाकुर ने गर्दन पकड़ी और टेबल पर रखी स्टेथ स्कोप से मारा। जिससे डॉ. सुदर्शन के कंधे पर चोट आई। वहीं विकास जैन ने गालियां दीं और कैलाश जैन ने मुझे कुर्सी से धक्का देकर कॉलर पकड़ी और जान से मारने की धमकी दी। उल्लेखनीय है कि चार दिन से लगातार अस्पताल में मृतक बच्चे के परिजन और और डॉक्टरों के बीच विवाद की स्थिति बनी हुई है। घटना 17 नवंबर की शाम की बताई जा रही है। जहां शास्त्री कॉलोनी में चार वर्षीय बालक वर्धन पुत्र अखिलेश जैन खेलते समय बिल्डिंग की तीसरी मंजिल से गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गया था।

इनका कहना है

बीएमओ और डॉक्टर आए थे। और ज्ञापन सौपा है। कुछ लोगो ने डॉक्टर के साथ गाली गलौच और मारपीट का लिखा है जांच कराकर वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

आकाश अमलकर एसडीओपी

दाऊदी बोहरा समाज के धर्मगुरु डॉ. सैफुद्दीन का स्वागत

इछावर, देशबन्धु। दाऊदी बोहरा समाज के 53 वे धर्मगुरु डॉ. सैयदना मुफद्दल सैफुद्दीन के मंगलवार को इछावर नगर आगमन पर दाऊदी बोहरा समाज के साथ ही शहरवासियों उनका आत्मीय स्वागत किया। नगर में बोहरा समाज के घरों जिले में धर्मगुरु की आमद के समय से ही लाइट डेकोरेशन कर सजाया गया था। डाक्टर सैयदना मुफद्दल सैफुद्दीन का नगर आगमन पर इछावर कांग्रेस के नेता ब्रिजेश पटेल ने स्वागत किया। यह पहला मौका है जब दाऊदी बोहरा समाज के 53,वे धर्मगुरु इछावर पहुंचे। उनके आगमन पर बोहरा समाज के शब्बीर हुसैन सैफी, मुफजिल हुसेन सैफी कादर हुसेन सैफी अबिजर हुसेन सैफी मलिक हुसैन सैफी सैफुद्दीन सफी सहित भाजपा कांग्रेस नेताओं ने भी बोहरा समाज के धर्मगुरू नगर आगमन पर जोरदार जहां कांग्रेस के ब्रिजेश ब्रिजेश पटेल, विजेन्द्र तिवारी महेश जोशी वहीं इछावर भाजपा के नगरपरिषद अध्यक्ष देवेन्द्र वर्मा सहित इछावर के सभी समाज के लोग बड़ी संख्या में मौजूद थे।

सार समाचार

प्लेटफार्म पर मालगाड़ी की चपेट में आने से एक की मौत

विदिशा, देशबन्धु। रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म एक और दो के बीच एक व्यक्ति पटरी पार करते समय बीना की ओर जा रही तेज रफ्तार मालगाड़ी की चपेट में आ गया। जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। शव को जीआरपी द्वारा मेडिकल कॉलेज में पीएम के लिए भेजा गया है। फिलहाल मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। जीआरपी थाना टीआई ने बताया कि मामले में जांच के लिए हेड कांस्टेबल को पाबंद किया गया है। मृतक की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है।

राजीव गांधी स्मृति अस्पताल में दंत एक्सरे मशीन खराब

सिरोंज, देशबन्धु। शासकीय राजीव गांधी स्मृति चिकित्सालय में शासन द्वारा दांतों की बीमारियों के लिए दंत चिकित्सक की पदस्थापना की गयी है मगर अस्पताल में दांतों की बीमारियों का पता लगाने के लगी लगी एक्सरा मशीन लगभग 3 माह से खराब पड़ी है और जिम्मेदारों द्वारा इसे सुधरवाने की ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है जिससे मजबूरन दांत संबधी बीमारियों का उपचार कराने जाने वाले मरीजों को सिर्फ दवाईयां लेकर ही संतुष्ट होना पड़ रहा है या फिर मजबूरन शहर में स्थित निजी क्लिनिकों पर एक्सरा कराना पड़ रहा है। विकासखंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. विकास बघेल का कहना है कि दांतों की एक्सरा मशीन खराब होने को लेकर वरिष्ठ कार्यालय को पत्र भेज दिया है और चर्चा हो चुकी है जैसे ही 2-4 दिन में टेक्नीशियन आयेगा उसे सुधरवा दिया जाएगा।

भारतीय ज्ञान परंपरा विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित

विदिशा, देशबन्धु। मध्य प्रदेश शासन के आदेशानुसार बुधवार को गर्ल्स कालेज में भारतीय ज्ञान परंपरा विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें की महाविद्यालय की छात्राओं ने सहभागिता की। प्रतियोगिता में भाग लेने वाली छात्रों को संबोधित करते हुए महाविद्यालय की प्राचार्य एवं संरक्षक डॉ. नीता पांडे ने भारतीय ज्ञान परंपरा एवं भारतीय संस्कृति पर प्रकाश डालते हुए छात्राओं का उत्साह वर्धन किया। उन्होंने बताया कि भारतीय ज्ञान विश्व में सर्वश्रेष्ठ है, क्योंकि हमारे पास ज्ञान उपार्जन के लिए रामायण, महाभारत पुराण, स्मृति ग्रंथ, दर्शन धर्म ग्रंथ, काव्य, नाटक, गीता तथा ज्योतिष शास्त्र आदि साधन है। पोस्टर प्रतियोगिताओं में लगभग 12 बच्चों ने सहभागिता की, जिसमें की प्रथम स्थान पर राना पठान एमएससी थर्ड सेम बायोटेक माधुरी राजपूत एमएससी थर्ड सेम बायोटेक एवं किरण राजपूत बीएससी सेकेंड ईयर की छात्रा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन डॉ. विनीता प्रजापति द्वारा किया गया, जिसमें की डॉक्टर शांता अहिरवार, नीतू दांगी, दिव्या सक्सेना द्वारा सहयोग प्रदान कर आयोजित किया गया।

साथ ही छात्राओं को विश्व विरासत सप्ताह पर व्याख्यान कार्यक्रम एवं विदिशा संग्रहालय का भ्रमण भी कराया गया। प्राचार्य द्वारा हमारी विरासत के महत्व एवं उसे जानने के लिए प्रेरित किया गया। अरविंद शर्मा द्वारा विदिशा का इतिहास एवं विरासत पर विस्तृत चर्चा की गई। सविता सोनी द्वारा भारत की विरासत एवं उसका सांस्कृतिक महत्व एवं उसके संरक्षण पर चर्चा की गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में छात्राओं की उपस्थिति रही। छात्राओं को विदिशा संग्रहालय का भ्रमण कराया गया, जिसमें छात्राओं ने विदिशा संग्रहालय में रखी हमारी विरासत को जाना एवं संग्रहालय में स्थित सभी मूर्तियों के बारे में मार्गदर्शक रामनिवास शुक्ला द्वारा जानकारी दी गई। इस अवसर पर अतिथि विद्वान रमाकांत शाह एवं उमेश सनोडिया भी उपस्थित रहे।

कलेक्टर ने हितग्राहियों से चर्चा कर लिया निर्माण कार्यों का जायजा

कई गांवों के स्वास्थ्य केन्द्रों, स्कूलों, छात्रावासों, आंगनबाड़ी केन्द्रों और खाद विक्रय केन्द्रों में पहुंचकर देखी स्थिति

विदिशा, देशबन्धु। कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने बुधवार को ग्यारसपुर विकासखण्ड के विभिन्न ग्रामों में पहुंचकर हितग्राहीमूलक योजनाओं से लाभांवित होने वाले हितग्राहियों से चर्चा कर उनके जीवन में आए परिवर्तन को जाना है। उन्होंने भ्रमण के दौरान निर्माण कार्यो की गुणवत्ता का भी जायजा लिया है। कलेक्टर ने भ्रमण के दौरान स्वास्थ्य केन्द्रों, स्कूलों, छात्रावासों, आंगनबाड़ी केन्द्रों तथा उचित मूल्य दुकानों, खाद विक्रय केन्द्रों एवं गौशाला में पहुंचकर क्रियान्वित व्यवस्था का जायजा लिया है। स्थानीय नागरिकों को शासन की जनकल्याण हितैषी योजनाओं के लाभ प्राप्ति में कहीं कोई दिक्कत तो नही हो रही है कि जानकारियां उन्होंने संवाद के दौरान जानी है। कलेक्टर ने ग्यारसपुर में एफपीओ, भाग्योदय महिला किसान प्रोडयूसर कंपनी लिमिटेड के महिला स्वसहायता समूह द्वारा दुग्ध संग्रह के संपादित किए जा रहे कार्यो से होने वाली आमदनी को रेखांकित किया है। मध्यप्रदेश डे राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के सहयोग से क्रियान्वयन ऐजेन्सी फाउंडेशन फार डेव्हलपमेंट आफ रूरल वैल्यू चेन्स (एफडीआरवीसी) की अध्यक्ष सीमा यादव ने एफपीओ के माध्यम से संपादित किए जा रहे कार्यो की जानकारी देते हुए बताया कि समूह के द्वारा हर रोज ढाई से तीन हजार लीटर दूध संग्रहित कर विक्रय के प्रबंध सुनिश्चित किए जा रहे है। समूह को प्रति लीटर ढाई से तीन रूपए की आमदनी होती है।

कलेक्टर ने समूह के सदस्यों से कहा कि वे स्वयं अपने ब्रांड की पैकिंग दूध का विक्रय ग्यारसपुर के क्षेत्र में करें ताकि हर घर समूह के माध्यम से दूध सुगमता से पहुंच सकें। उन्होंने कहा कि दूध के साथ-साथ दूध से बनने वाले अन्य खाद्य पदार्थ की ओर भी समूह पहल करें। इस दौरान समूह के सदस्यों के द्वारा दूध संग्रह से लेकर विक्रय तक की सम्पूर्ण प्रक्रिया के संबंध में बिन्दुवार जानकारी से अवगत कराया है। कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने हिम्मतपुर कालापाठा की कामधेनू गौ-शाला का भी अवलोकन किया। यहां उन्होंने पशुओं के लिए चारागाह बनाए जाने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए है साथ ही बिजली और पानी की आपूर्ति के लिए किए जाने वाले प्रबंधों के संबंध में चर्चा की है। कलेक्टर ने कहा कि उक्त गौ-शाला परिसर स्वच्छंद वातावरण में है अत: इसे माडल गौ-शाला के रूप में उन्नत करें। उन्होंने गौ-शाला की पथरीली भूमि को चारागाह के रूप में परर्णित करने के लिए तालाबों के गहरीकरण की मिट्टी लाकर यहां बिछाने की प्रक्रिया के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए है। कलेक्टर ने भ्रमण के दौरान ग्राम पंचायत कोलुआजागीर के ग्राम दौलतपुर में संचालित की जा रही नंदनी गौ-शाला का भी जायजा लिया। यहां उन्होंने गौ-शाला को माडल स्वरूप में विकसित करने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए है।

हितग्राही के आवास निर्माण को देखा: कलेक्टर सिंह ने हिम्मतपुर कालापाठा में पीएम जनमन योजना के तहत सहरिया जनजाति वर्ग के हितग्राहियों हेतु आवासों का निर्माण कार्य किया जा रहा है। उक्त हितग्राहियों से कलेक्टर ने पहुंचकर जानकारियां प्राप्त की। यहां उन्होंने जनपद सीईओ को निर्देशित किया है कि 72 आवासो का निर्माण कराया जाना है अत: इसे कालोनी के रूप में विकसित करें ताकि दूर-दराज से भी यहां रहने वाले सहरिया जनजाति के आवासो को देखने के लिए आमजन ललायित हो। उन्होंने कहा कि कॉलोनी की तर्ज पर बनने वाले पीएम जनमन आवासो में तमाम सुविधाएं सुनिश्चित हो जिसमें मुख्य रूप से नल से घर में जल पहुंचाने, बिजली की आपूर्ति, पहुंच मार्गो का डामरीकरण व रोजगारमुंखी गतिविधियों का संचालन पीएम जनमन कालोनी में कर सकें के लिए भी प्लान अनुसार मूर्तरूप दिया जाए। कलेक्टर ने आनंद सहरिया के द्वारा निर्माण कराए जा रहे पीएम जनमन आवास को देखा, यहां उन्होंने हितग्राही आनंद से चर्चा कर जाना कि आवास स्वंय बना रहे है अथवा ठेकेदार से मौके पर अवगत कराया गया कि ठेकेदार द्वारा 35 हजार की लागत पर आवास बनाने का ठेका लिया गया है। एक ही ठेकेदार के द्वारा कई आवास बनाए जा रहे है इस कारण से आवासों के निर्माण कार्यो में विलम्बता ना हो का विशेष देने के निर्देश कलेक्टर द्वारा दिए गए हैं उन्होंने जनपद सीईओ को निर्देशित किया कि यदि ठेकेदार द्वारा मजदूरो की संख्या बढाई जाए यदि ऐसा नही किया जाता है तो अन्य ठेकेदारो को आवासों के निर्माण कार्य दिए जाएं।

उचित मूल्य दुकान का जायजा: कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने भ्रमण के दौरान कोलुआधामनोद की प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति में संचालित शासकीय उचित मूल्य दुकान का निरीक्षण किया। यहां कलेक्टर ने स्वंय अपने हाथो से राशनकार्डधारकों को प्रदाय किए जाने वाले गेहूं और चावल की गुणवत्ता को परखा है। गेहूं में अत्यधिक मिट्टी व कंकर पाए जाने पर उन्होंने एसडीएम को जांच करने के निर्देश दिए है। वहीं मौके पर सेम्पल भी रखवाया गया है।

उपार्जन केन्द्र पहुंचे: कलेक्टर ने सोयाबीन उपार्जन केन्द्र का निरीक्षण किया। उन्होंने ग्राम खिरियाजागीर के वाइट फील्ड वेयर हाउस एण्ड लॉजिस्टिक्स में उपार्जन कार्यो के क्रियान्वयन का जायजा लेते हुए सोयाबीन विक्रय करने हेतु आए किसानो से चर्चा की और उपार्जन प्रक्रिया तहत मुहैया कराई जा रही सुविधाओं की क्रास मानिटरिंग की है।

सिरोंज जिला बनाने की मांग को लेकर कई व्यापारिक संगठनों ने सौंपा ज्ञापन

सिरोंज, देशबन्धु। सिरोंज को जिला बनाने की मांग को लेकर व्यापार महासंघ के नेतृत्व में बुधवार को व्यापारियों द्वारा तहसील कार्यालय पहुंचकर व्यापार महासंघ सहित 14 व्यापार संघों द्वारा जिसमें किराना, वस्त्र, केमिस्ट,जनरल स्टोर, सर्राफा, थोक अनाज तिलहन, मशीनरी, इलेक्ट्रॉनिक एवं ईलेक्टिकल, बर्तन, मिष्ठान, मोबाईल, फुटवेयर, कीटनाशक, व्यापार संघ ने अलग अलग रूप से ज्ञापन मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम हर्षल चौधरी को सौंपे। ज्ञापन का वाचन करते हुए व्यापार महासंघ अध्यक्ष पदम ताम्रकार ने बताया कि वर्तमान में सिरोंज की जिला मुख्यालय से दूरी 85 किलोमीटर है जिससे आम लोगों को शासकीय कार्य से जिला मुख्यालय जाने में काफी असुविधा का सामना करना पड़ता है। राजस्थान राज्य में सिरोंज 1956 तक मप्र गठन के पूर्व सिरोंज जिला था और मप्र में पुर्नगठन के बाद सिरोंज को मप्र में मात्र सब डिवीजन बनाया और लटेरी और कुरवाई का एसडीएम कोर्ट सिरोंज में रखा गया। मप्र गठन के 64 वर्ष बीत चुके है जिसमें सिरोंज शहर एवं क्षेत्र की आबादी कई गुना बढ़ चुकी है जिससे शासन की विकास योजनाओं का क्रियान्वयन ठीक से नहीं हो पा रहा है। पथरिया क्षेत्र की उप तहसील से और दो थाना क्षेत्र व दो राजस्व मंडल उक्त क्षेत्र में आते है जिससे पथरिया को तहसील बनाकर सिरोंज जिले में सम्मिलित किया जाना चाहिए कस्बा आनंदपुर पूर्व में टप्पा रहा है एवं लटेरी क्षेत्र का बड़ा गांव है जिसमें उनारसीकलां एवं आनंदपुर के लगभग 100 से अधिक गांव इस क्षेत्र के अंतर्गत आते हैं इसलिए आनंदपुर को तहसील बनाकर सिरोंज जिले में सम्मिलित किया जावे सिरोंज तहसील की आबादी आसपास की तहसील लटेरी, कुरवाई और पथरिया की आबादी से सर्वाधिक है और सिरोंज तीन तहसीलों के मध्य में स्थित है और कलेक्टर का लिंक कोर्ट है दो अपर कोर्ट है और दस विभागों के अनुविभागीय अधिकारियों की पदस्थापना है साथ 100 पलंगों का अस्पताल है, अनेक महाविद्यालय, एक निजी विश्व विद्यालय, पालीटेक्टिनक कालेज, आईटीआई कालेज, 8 थाना एवं सभी बैकें बी श्रेणी की कृषि उपज मंडी शामिल है और लटेरी तहसील की बाजना, अम्हाई व उनारसीकलां गांव की जिला मुख्यालय से दूरी 150 किमी से अधिक है जिला मुख्यालय पर आने जाने में आम लोगों के 2-2 दिन का समय लग जाता है। जिससे कई परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ज्ञापन में मुख्यमंत्री से मांग कि है लटेरी कुरवाई और संभावित तहसील पथरिया एवं आनंदपुर को मिलाकर सिरोंज को जिला बनाया जाए। इस दौरान समीर भार्गव, अरविंद जैन, अर्पित मित्तल, एडवोकेट अवध नारायण श्रीवास्तव, राजेश रिछारिया, संजय चौरसिया, सुनील जैन, कृष्ण सोनी, मोहित सिंघल, ओमप्रकाश बलेजा, देवेन्द्र साहू, नारायण दास साहू, मनीष जैन आदि व्यापारीगण मौजूद रहे।

पुलिस अधीक्षक से की आरोपियों पर कार्रवाई की मांग

विदिशा, देशबन्धु। बुधवार को सिरोंज विधानसभा क्षेत्र के मुगलसराय थाने के अंतर्गत आने वाले ग्राम नूरपुर निवासी मारपीट में घायल हुए युवक को लेकर जिला मुख्यालय आए और आरोपियों पर कार्रवाई करने की मांग को लेकर एसपी के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि नूरपुर निवासी राकेश वाल्मिक के साथ गांव के ही दो लोगों द्वारा लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया है, जिसकी शिकायत उन्होंने मुगलसराय थाने में दर्ज कराई है, लेकिन पुलिस द्वारा आरोपियों पर कोई कार्रवाई नहीं की गई है। घायल राकेश ने बताया कि हरिचरण जाटव और खिलान सिंह जाटव द्वारा मेरे साथ मारपीट की गई, जिससे मुझे सर वह हाथ पैरों में गंभीर चोटें आई है। जिसकी शिकायत मुगलसराय थाने में भी दर्ज कराई गई है लेकिन पुलिस द्वारा अब तक आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया गया है। साथ ही उन्होंने बताया कि आरोपी अभी भी खुले में घूम रहे हैं। उन्होंने बताया कि वह गांव में अपने बच्चों को देखने के लिए गए थे, इसी दौरान इन लोगों का अन्य लोगों से विवाद चल रहा था बीच बचाव करने को लेकर हरिचरण और खिलानसिंह जाटव द्वारा मेरे साथ लाठी डंडों से हमला कर दिया। जिसके कारण मुझे गंभीर चोटें आई है। उन्होंने एसपी से मांग की है कि आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाए और कड़ी कार्रवाई की जाए।

राज्य स्तरीय शालेय फुटबॉल प्रतियोगिता के दूसरे दिन खेले गए 16 मुकाबले

बालिका वर्ग में भोपाल ने सागर को 8-0 से शिकस्त दी

विदिशा, देशबन्धु। स्थानीय जिला खेल परिसर में आयोजित की जा रही 68वीं राज्य स्तरीय शालेय अंडर 19 आयु वर्ष के बालक-बालिका फुटबॉल प्रतियोगिता के दूसरे दिन परिचय प्राप्त करने अतिथि के रूप में स्पोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया के असिस्टेंट डायरेक्टर अजय सिंह, सहायक संचालक राजेश बागड़े, भोपाल डिविजन क्रिकेट संघ के जॉइंट सेकेट्री संदीप सिंह डोंगर, पार्षद शैलेन्द्र सरभैया, हिमांशु राजोरिया, गोलू चौधरी, वरिष्ठ समाजसेवी दीपक तिवारी, भारतीय जनता युवा मोर्चा उपाध्यक्ष एवं कनारा क्रिकेट क्लब के सचिव नागेंद्र लोधी, कमलेश मालवीय ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर प्रतियोगिता के लीग मैच का लुफ्त उठाया। प्रथम दिन रात्रि में सागर और जबलपुर के मध्य हुए कड़े मुकाबले में सागर में 3-1 के स्कोर से मैच जीत लिया। वहीं विगत वर्ष की विजेता जनजाति कार्य विभाग की टीम को भी उज्जैन ने 4-1 से शिकस्त दी। प्रतियोगिता के दूसरे दिन बालिका वर्ग में ग्वालियर और नर्मदापुरम ने 1-1 के स्कोर से मैच ड्रॉ किया तो वहीं भोपाल की टीम ने सागर को 8-0 से हराया। जिसमें तनिष्क ने तीन गोल, कीर्ति के दो गोल, काव्य सुहानी ने एक-एक गोल किए। जबलपुर और इंदौर के मध्य हुए कश्मकश भरे मुकाबला भी ड्रॉ पर ही समाप्त हुआ। उज्जैन ने शहडोल को 1-0 से हराया। वहीं बालक वर्ग में भोपाल ने आशीष पुष्पेंद्र और श्रेयश रतूरी के अद्भुत प्रदर्शन की बदौलत ग्वालियर को 3-0 से हराकर अंक तालिका में प्रथम स्थान पर बने रहे। बालक वर्ग के बीच हुए अन्य दो मुकाबले उज्जैन बनाम सागर और इंदौर बनाम रीवा के मध्य मैच ड्रा हुआ। बालक वर्ग के दूसरे राउंड का अंतिम मुकाबला जनजातीय बनाम नर्मदापुरम के मध्य खेला गया, जिसमें जनजाति ने ताबड़तोड़ दो गोल की बदौलत जीत दर्ज की। बालिका वर्ग के दूसरे राउंड के प्रथम मुकाबला भोपाल बनाम रीवा के मध्य खेला गया। जिसमें भोपाल के खिलाड़ियों ने अद्भुत प्रदर्शन करते हुए 3-0 के स्कोर से रीवा के विरुद्ध जीत दर्ज की। फुटबॉल कोच रविकांत नामदेव ने बताया कि आज के दिन बालक और बालिका वर्ग में 16 मुकाबला जो कि रात्रि 10 बजे तक खेले जाएंगे। इस अवसर पर नोडल अधिकारी आशीष सक्सेना, प्रशांत रघुवंशी, अंबेश सोनी, अनिल सोनी, मुकेश शर्मा, श्याम सुंदर जाटव, रविंद्र रघुवंशी, अखिलेश नामदेव, मनोज श्रीवास्तव, मीडिया प्रभारी पंकज भार्गव आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

तनुज ने कराते स्पर्धा में जीता गोल्ड

विदिशा। गंजबासौदा के प्रतिभाशाली कराते खिलाड़ी तनुज महोबिया ने नेशनल कराते प्रतियोगिता में मप्र के लिए गोल्ड मेडल जीता है। दिल्ली के ताल कटोरा स्टेडियम में कियो फेडरेशन कप के तहत चल रही प्रीमियर लीग में जूनियर इंडिविजुअल काता में तनुज ने गोल्ड प्राप्त किया। यह प्रतियोगिता 19 से 23 नवंबर तक आयोजित की जा रही है। भोपाल स्थित तात्या टोपे कराते अकादमी में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे 17 वर्षीय तनुज महज पांच वर्ष की उम्र से ही कराते सीखने वाले अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी हैं। मार्शल आर्ट की अलग- अलग विद्याओं में 5 ब्लेक बेल्ट डिग्री प्राप्त कर चुके हैं। उन्हें अंतरराष्ट्रीय अनुभव प्राप्त कोच पलाश समाधिया, हर्षित विश्वकर्मा, दीपक सिंह नरवरिया, कुलदीप सिंह, दीपेंद्र दुबे, रुद्र प्रताप सिंह रघुवंशी और पिंकी दांगी वर्ल्ड कराते चैंपियनशिप की तैयारी करा रहे हैं। वरिष्ठ पत्रकार चक्रेश महोबिया के पुत्र तनुज की इस उपलब्धि पर विधायक हरिसिंह रघुवंशी, नपा अध्यक्ष शशि अनिल यादव, सर्वश्री ज्ञान प्रकाश भार्गव, अखिलेश श्रीवास्तव, दीपक चौकसे, अनिल अहिरवार, दुर्गेश, मिहीलाल, सुनील भारती आदि ने बधाई दी।

बच्चों को डराने धमकाने का आरोप

विदिशा, देशबन्धु। त्योंदा निवासी जयंती पत्नी नीलकमल जोशी ने मंगलवार को कलेक्टर को एक ज्ञापन सौंपा। जिसमें जयंती ने बताया कि टेलरिंग और भिक्षावृत्ति का कार्य कर अपने और अपने परिवार का भरण पोषण करती है। उसके चार नाबालिग बच्चे हैं। जब भी बच्चे स्कूल जाते हैं तो पड़ोस में रहने वाले राजू जोशी, पप्पू जोशी, ज्योति जोशी, गुड्डू उर्फ राकेश जोशी बच्चों को रास्ते में रोककर जान से मारने की धमकी देते हैं। यह रोज की बात हो गई है। जिससे बच्चे काफी डरे और भयभीत हो गए हैं। इनके डर की वजह से बच्चों का स्कूल भी छूट गया है। अभी परीक्षा का समय चल रहा है, स्कूल न जाने की वजह से उनका भविष्य अंधकारमय हो गया है। उक्त सभी लोग आपराधिक प्रवृत्ति के होने के साथ ही राजनैतिक पहुंच वाले है। जिसके कारण पुलिस भी उनकी सुनवाई नहीं कर रही है। उनकी गुमठी 15 वर्षो से विद्युत मंडल के पास रखी हुई है, जिसे उक्त लोगों ने क्षतिग्रस्त कर दिया है। इन लोगों के खिलाफ पहले भी कई बार थाने में शिकायत की जा चुकी है, बावजूद इसके कोई कार्यवाही नहीं की गई। ज्ञापन के माध्यम से जयंती ने उक्त मामले में उचित कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

थाना गुलाबगंज पुलिस ने किया जन चेतना शिविर का आयोजन

विदिशा, देशबन्धु। थाना गुलाबगंज पुलिस द्वारा शासकीय हाई स्कूल गुलाबगंज में जन चेतना शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें गुलाबगंज थाना एएसआई सुशीला श्रीवास्तव एवं अन्य थाना स्टाफ द्वारा युवा, व्यस्क एवं महिला अपराध, सायवर अपराध, डिजिटल अरेस्ट, नशा से होने वाली बीमारियों, गुड टच बैड टच, महिलाओं, छात्राओं पर होने वाले तंजकसी एवं नशे के कारण होने वाले अपराध के बारे में जागरूक किया। इस दौरान आर. विक्रम रघुवंशी, आर. अशीष कुमार आदि मौजूद थे।

नगर में निकलेगी राम विवाह की भव्य बारात, तैयारियां शुरू

23 को लगुन से विवाह की होगी शुरुआत, 6 दिसंबर को निकली जाएगी बारात

श्रीसीताराम जी चक्रवर्ती विवाह महोत्सव
श्री सिया जू
श्री राम जू

गंजबासौदा, देशबन्धु। नगर में श्रीराम रस धारा परिवार की ओर से चक्रवर्ती श्री राम बारात महोत्सव का आयोजन धूमधाम से किए जाने की तैयारियां प्रारंभ कर दी गई हैं। श्रीराम विवाह महोत्सव के परिणय संस्कार की शुरुआत हिंदू धर्म विवाह पद्धति की परंपरा अनुसार 23 नवंबर को लगन मटियाना से प्रारंभ हो जाएगी जो कि 6 दिसंबर को भगवान श्री राम जी के विवाह महोत्सव के साथ पूर्ण होगी।

यह जानकारी आयोजकों की ने प्रेस वार्ता में दी। श्री राम रसधारा परिवार के संस्थापक पंडित अंकुर माधव महाराज ने बताया कि श्री राम विवाह महोत्सव के अंतर्गत 23 नवंबर को सदर बाजार स्थित शंकर भगवान के मंदिर में लगुन एवं मटियाना से विवाह की तैयारियां प्रारंभ हो जाएंगी। 28 नवंबर को श्री जानकी जू की गोद भराई रस्म राजकुमार नेमा के निवास से होगी जिसमें वह वधु पक्ष की ओर जनक जी की भूमिका में रहेंगे। 2 दिसंबर को श्री राम जी का तिलक उत्सव एवं सगाई रस्म सिरोंज चौराहा निवासी ओमप्रकाश नेमा जो कि वर पक्ष की ओर से दशरथ जी की भूमिका में होंगे। 3 दिसंबर को श्री गणेश पूजन का आयोजन सदर बाजार स्थित भगवान शंकर के मंदिर में संपन्न होगा। जबकि 4 दिसंबर को माता पूजन,मंडप धुसरपुरा धर्मशाला में किया जाएगा। माता पूजन के लिए महिलाएं गांधी चौक से शीतला माता मंदिर गाजे बाजे के साथ जाएगी। 4 दिसंबर को ही रात्रि 8 बजे से गांधी चौक पर विशाल भजन संध्या का आयोजन होगा जिसमें सारेगामा फ्रेम शरद शर्मा सहित मुंबई इंदौर भोपाल के कई जाने माने भजन गायक अपनी प्रस्तुति देंगे। उन्होंने बताया कि आयोजन पहली बार किया जा रहा है और प्रतिवर्ष इसको किए जाने की शुरुआत हो जाएगी।

कार्यक्रम संयोजक स्वयं प्रकटेश्वर श्री कीर्तननाथ महादेव हैं। रामजी के विवाह महोत्सव की प्रेरणा सीताराम संकीर्तन से मिली है। करीब 2 वर्ष पूर्व आधे घंटे से प्रारंभ हुआ का सीताराम संकीर्तन आज 4 घंटे प्रतिदिन पर पहुंच गया है जिसे आगे बढ़ाते हुए 9 घंटे प्रतिदिन किया जाएगा।

बारात के स्वागत में सजेंगे द्वार, रोशनी से जगमगाएंगे घर

अंकुर माधव महाराज ने बताया कि 6 दिसंबर को राम जी की भव्य बारात दोपहर 12 बजे स्टेशन रोड़ श्री हनुमान मंदिर से प्रारंभ हो जाएगी जो कि नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए सिरोंज चौराहे से गांधी चौक श्री राम जानकी मंदिर परिसर पहुंचेगी। सिरोंज चौराहे से गांधी चौक तक बारात की अगवानी के लिए विद्युत की गैलरी सजाई जाएगी। बारात में दिल दिल घोड़ी,राम तुला, ऊंट, डीजे, बैंड बाजे और रथ शामिल होंगे। साथ ही अयोध्या के श्रीकनकबिहारी बिहारिणी जू जी के विग्रह भी रथ पर विराजमान रहेंगे। राम जी की भव्य और ऐतिहासिक बारात में सभी धर्म प्रेमियों को शामिल होने के लिए निमंत्रण दिया जा रहा है। बारात में क्षेत्र भर के महंत, साधु संत अन्य स्थान के सिद्ध संत महापुरुष भी अपनी उपस्थिति दे रहे हैं।

आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाओं के समग्र विकास का

बड़ा कदम

मध्यप्रदेश की पहली मेडिसिटी एवं शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, उज्जैन का भूमिपूजन



नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

मुख्यमंत्री

डॉ. मोहन यादव

द्वारा

21 नवम्बर, 2024 | अपराह्न 2:00 बजे
सामाजिक न्याय परिसर उज्जैन, मध्यप्रदेश

डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री

मेडिकल कॉलेज में सुविधाएं

- **550** बिस्तरीय शिक्षण अस्पताल
- **24x7** आपातकालीन सेवा
- **150** एम.बी.बी.एस. सीट की प्रवेश क्षमता
- जनरल एवं सुपर स्पेशलिटी ओपीडी

MEDICAL COLLEGE UJJAIN

मेडिसिटी में सुविधाएं

- सुपर-स्पेशलिटी एवं मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल
- डायग्नोस्टिक सेंटर, फार्मेसी
- चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान केन्द्र
- विभिन्न उपचार हेतु वेलनेस केन्द्र
- आयुष अस्पताल
- पैरामेडिकल कॉलेज
- एकीकृत एवं समग्र स्वास्थ्य देखभाल की सुविधा
- ईको-फ्रेंडली इंफ्रास्ट्रक्चर
- स्वास्थ्य पर्यटन को बढ़ावा

D-11103/24

सीधा प्रसारण Webcast.gov.in/mp/cmevents @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhyapradesh @jansamparkMP JansamparkMP **#MediCityUjjain**

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी

आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2024